

दैनिक

लोकजीवन

भीलवाड़ा एवं जयपुर से प्रकाशित राज्यस्तरीय समाचार पत्र

संस्थापक - स्व. डॉ. शिवकुमार जी त्रिवेदी

■ रजि. नं. 27201/76 ■ मूल्य 2 रूपया ■ पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026

■ वर्ष 51 ■ अंक 242 ■ भीलवाड़ा ■ बुधवार 14 अक्टूबर 2026 ■ आश्विन, शुक्ल पक्ष 4, संवत् 2083 ■ कुल पृष्ठ 4



पढ़ें पेज 04 पर...

गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा मिलने तक चलेगा अभियानः संत गोपालानंद जी महाराज

नागदी बांध के खूनी मोड़ पर स्लीपर बस पलटी, मची चीख-पुकार, 21 यात्री घायल





कई आंदोलनों के बाद भी नहीं सुधरा ब्लैक स्पॉट

भीलवाड़ा/जहाजपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 148डी पर नागदी बांध का तीखा और अंधा मोड़ एक बार फिर मुसाफिरों के लिए काल साबित होते-होते बचा। भोपाल से जोधपुर की ओर तेज रफ्तार में जा रही एक निजी स्लीपर बस आधी रात के सन्नाटे में अनियंत्रित होकर पलट गई। जोरदार धमाके के साथ बस के पलटते ही गहरी नींद में सो रहे यात्रियों में कोहराम मच गया। चीख-पुकार, कांच टूटने की आवाजें और अपनों को तलाशते बदहवास मुसाफिरों के रुदन से पूरा इलाका दहल उठा। इस भीषण सड़क हादसे में दो मासूम बच्चों और महिलाओं समेत कुल 21 यात्री घायल हो गए। इनमें से 7 की हालत बेहद नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें देर रात ही भीलवाड़ा जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। गनीमत यह रही कि बस पलटने के बावजूद कोई जनहानि नहीं हुई, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

स्पीड में थी बस, रात दो बजे हुआ हादसा

हादसा बुधवार रात दो बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों और यात्रियों के अनुसार, बस की गति काफी तेज थी। जैसे ही बस नागदी बांध के खतरनाक मोड़ पर पहुंची, चालक अचानक स्टेयरिंग से नियंत्रण खो बैठा। बेकाबू बस लहराते हुए सड़क किनारे जा पलटी। उस वक्त बस में सवार अधिकांश मुसाफिर गहरी नींद के आगोश में थे। अचानक लगे जोरदार झटके के बाद बस में अंधेरा छा गया और यात्री एक-दूसरे के ऊपर जा गिरे। कई यात्री सीट और खिड़कियों के लोहे के ढांचों के बीच बुरी तरह फंस गए। हादसे की आवाज सुनते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके की ओर दौड़े। सूचना मिलते ही नगर पालिका चेयरमैन पति पवन वैष्णव अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए राहत कार्य की कमान संभाली। कुछ ही देर में जहाजपुर थाना पुलिस का जाब्ता भी मौके पर पहुंच गया। बचाव दल ने स्थानीय युवाओं की मदद से बस की खिड़कियों और आपातकालीन दरवाजों को तोड़कर भीतर फंसे घायल, सहमे और रोते-बिलखते मुसाफिरों को एक-एक कर बाहर निकाला। निजी वाहनों और एंबुलेंस की मदद से तत्काल सभी घायलों को जहाजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए घायलों का उपचार शुरू किया।

मामूली चोटिल 14 यात्रियों को छुट्टी

अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद मामूली चोटिल 14 यात्रियों को छुट्टी दे दी गई, जबकि गंभीर चोटों के शिकार 7 यात्रियों को डॉक्टरों ने तुरंत भीलवाड़ा रेफर कर दिया। इस रोंगटे खड़े कर देने वाले हादसे ने एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

नागदी बांध का यह मोड़ लंबे समय से ब्लैक स्पॉट

एनएच-148डीपर स्थित नागदी बांध का यह मोड़ वाहन चालकों के लिए लंबे समय से ब्लैक स्पॉट बना हुआ है। स्थानीय बाशिंदों का कहना है कि इस अंधे मोड़ पर आए दिन गाड़ियां पलटती हैं और बेकसूर लोग अपनी जान गंवाते हैं। क्षेत्रवासियों ने इस जानलेवा मोड़ के तकनीकी सुधार, संकेतक बोर्ड लगाने और सुरक्षा दीवार खड़ी करने की मांग को लेकर कई बार चक्काजाम और उग्र प्रदर्शन तक किए, लेकिन जिम्मेदार अफसरों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। हर हादसे के बाद जांच और सुधार के खोखले वादे किए जाते हैं, मगर जमीनी हकीकत जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि इस खूनी मोड़ को दुरुस्त नहीं किया गया, तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

हादसे में ये हुए घायल हुए

रमेश शर्मा 62 साल निवासी बकानी झालावाड़, दिनेश देवासी 21 साल निवासी सेवकीमाला भोपालगढ़ जोधपुर, विशाल कुमार किराड़ 20 साल निवासी गउखेड़ी अकलेरा झालावाड़, रानी बंजारा 15 साल निवासी बेडावे सुतालिया राजगढ़ एमपी, गोविन्द बंजारा 14 साल निवासी बेडावे सुतालिया राजगढ़ एमपी, भंवर लाल बंजारा 60 साल निवासी बेडावे सुतालिया राजगढ़ एमपी, कैलाश बाई बंजारा 40 साल निवासी बेडावे सुतालिया राजगढ़ एमपी, पार्वती बंजारा 16 साल निवासी बेडावे सुतालिया राजगढ़ एमपी, कपिल बैरवा 30 साल निवासी कल्याणपुरा मानसरोवर जयपुर, हनुमान सिंह राजपुरोहित 32 साल निवासी बापुनगर शेरगढ़ जोधपुर और मेहरबान बंजारा 28 साल निवासी त्रिलोकीपुरा मकसूदनगढ़ गुना एमपी हादसे में घायल हुए हैं। इसके अलावा पप्पूलाल बैरवा 34 साल निवासी केरिया खुर्द भिनाय अजमेर, सतवीर जाटव 31 साल निवासी बरगंमा हिण्डौनसिटी करौली, उर्मिला रावत 32 साल निवासी बिहाररतनपुरा जवाजा ब्यावर, मंजू देवी बंजारा 28 साल निवासी त्रिलोकीपुरा मकसूदनगढ़ गुना एमपी, प्रकाश लुहार 35 साल निवासी बम्बोर झंवर जोधपुर, ज्योति लुहार 20 साल निवासी कुड़ी जोधपुर, उमर फारुख 47 साल निवासी सुकेत कोटा, जमनालाल अहिरवाल 40 साल निवासी सेमलापार सुतालिया राजगढ़ एमपी, यशपाल रावत 10 साल निवासी बिहाररतनपुरा जवाजा ब्यावर तथा प्रवीण रावत 8 साल निवासी बिहाररतनपुरा जवाजा ब्यावर भी इस दुर्घटना में घायल हुए हैं।

एयर-इंडिया फ्लाइट से मिला हाइजैक अलर्ट, जयपुर में इमरजेंसी लैंडिंग : पायलट बोला- मेरी कोई गलती नहीं



जयपुर। फ्रैंकफर्ट से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-2030 की बुधवार सुबह जयपुर में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। जानकारी के मुताबिक, फ्लाइट से अहमदाबाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल को हाईजैक का सिग्नल मिला था। यह जानकारी जयपुर एटीसी से साझा की गई। करीब 45 मिनट बाद विमान को जयपुर में उतारा गया। शुरुआती जांच में पायलट की गलती से अलर्ट मैसेज भेजने की जानकारी थी। हालांकि, पूछताछ में उसने कहा कि- मेरी कोई गलती नहीं है। एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब 9 बजे अहमदाबाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल को कुछ सेकेंड का स्क्वाक-7500 कोड का सिग्नल भेजा था।

इसे हाइजैक की सिचुएशन वाला कोड माना जाता है। इसके बाद सुबह करीब 9.10 मिनट पर फ्लाइट का रूट बदलकर जयपुर किया गया। फ्लाइटरडार 24 के मुताबिक, विमान ने 13 अक्टूबर की रात 9.45 बजे फ्रैंकफर्ट से उड़ान भरी थी। उसे 14 अक्टूबर की सुबह 10.40 बजे दिल्ली पहुंचना था, लेकिन जयपुर डायवर्ट कर दिया गया।

30 सितंबर को इजराइल जा रही फ्लाईदुबई फ्लाइट से भी हाइजैक सिग्नल कोड 7500 भेजा गया था। इस प्लेन को पायलट ने हाइजैक और क्रैश करने की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय को-पायलट कैप्टन स्मित मच्छर ने ऐसा होने से रोक दिया था।

CR-DR, सरपंच, पंच चुनाव हेतु

चुनाव प्रचार सामग्री

हैंडबिल, परचे, पोस्टर, स्टीकर, नमूना मतपत्र, नियमावली पुस्तिका, चौकड़ी मोहर, मतदाता पर्ची हेतु विश्वसनीय स्थान

शारदा प्रेस, लोकजीवन

सूचना केन्द्र चौराहा, भीलवाड़ा (मो.) 9414112589

एयरक्राफ्ट की जांच पूरी, कुछ संदिग्ध नहीं मिला

सीआईएसएफ की टीम ने जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे एयरक्राफ्ट की जांच पूरी कर ली गई है। एयरक्राफ्ट में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। फिलहाल पायलट से सुरक्षा एजेंसी पूछताछ कर रही है। संभावना है कि कुछ देर बाद फ्लाइट फिर से दिल्ली के लिए उड़ान भर सकती है।

पायलट ने गलती से दबाया था अलर्ट वाला बटन

शुरुआती जानकारी में बताया जा रहा है कि पायलट ने गलती से 7500 बटन दबा दिया था। कुछ सेकेंड के लिए ही बटन दबाया गया था। इसके बाद वापस इसे ऑफ कर दिया गया था। लेकिन बीते दिनों हुए घटना म और एविएशन नियमों के तहत अहमदाबाद एयरपोर्ट से मिले मैसेज के कारण फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। पायलट ने पूछताछ में गलती से अलर्ट बटन दबाने से इनकार कर दिया है। हालांकि, अभी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

टिकट वितरण में भाजपा में 'परिवारवाद' कांग्रेस में 'सामाजिक समीकरण'

जिला परिषद चुनावः पूर्व मंत्री की पत्नी, पूर्व विधायक के पुत्र सहित कई वरिष्ठ मैदान में

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

पंचायत चुनाव के तहत 45 सदस्यीय जिला परिषद के चुनाव में टिकट वितरण में दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों भाजपा और कांग्रेस ने अलग-अलग रणनीतियों पर दांव खेला है।

भाजपा में जिले के असरदार और सक्रिय राजनीतिक परिवारों का दबदबा साफ नजर आ रहा है, जबकि कांग्रेस ने सामाजिक समीकरणों को साधते हुए संगठन में सक्रिय कार्यकर्ताओं और स्थानीय स्तर पर प्रभाव रखने वाले चेहरों को प्राथमिकता दी है। भाजपा ने पूर्व पंचायतीराज मंत्री व पूर्व मुख्य सचेतक कालू लाल गुर्जर की पत्नी पूर्व प्रधान सरोज गुर्जर को वार्ड 29 से, सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष शक्ति सिंह कालियास की पत्नी तारा कंवर को वार्ड 13 से, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व यूआईटी अध्यक्ष रहे तथा लोकसभा चुनाव में भाजपा में आने वाले रामपाल शर्मा के पुत्र राहुल शर्मा को वार्ड 33 से चुनाव मैदान में उतारा है। इसी तरह वार्ड 31 से कोटड़ी पंचायत समिति के पूर्व उप प्रधान बृजराज कृष्ण उपाध्याय की पत्नी हेमलता उपाध्याय, वार्ड 15 से भाजपा नेता तेजवीर सिंह चुंडावत की पत्नी सुमन चुंडावत, वार्ड 8 से सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रत्याशी रहे रूपलाल जाट को टिकट दिया गया है। कांग्रेस की सूची में दिग्गज परिवारों के सीधे रिश्तेदार अपेक्षाकृत कम हैं।

पार्टी ने संगठन से जुड़े युवा नेताओं, पूर्व जनप्रतिनिधियों और एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग को साधने पर ध्यान केंद्रित किया है।

कांग्रेस ने मांडल के पूर्व विधायक विजय सिंह के पुत्र वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व जिला परिषद सदस्य दुर्गपाल सिंह को वार्ड 12 से, मांडलगढ़ के पूर्व प्रधान व प्रमुख खनन व्यवसायी कैलाश मीणा को वार्ड 44 से, वार्ड 19 से हुरड़ा पंचायत समिति के पूर्व उप प्रधान रहे मधुसूदन पारीक को मैदान में उतारा है। वार्ड 26 से यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष और संगठन के युवा चेहरे आशीष चौधरी चुनाव लड़ेंगे।

भाजपा विधायकों की प्रतिष्ठा दांव पर कांग्रेस तलाश रही जमीन

इन पंचायती राज चुनावों में भीलवाड़ा जिले के भाजपा के सभी छह विधायकों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। कांग्रेस विधानसभा और लोकसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। इस बार कांग्रेस के देहात जिला अध्यक्ष व पूर्व मंत्री रामलाल जाट तथा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर कांग्रेस की खोई हुई जमीन फिर से तलाशने में जुटे हुए हैं। 35 साल बीजेपी को दिए, लगातार तीसरी बार टिकट काटा: पुरावत भाजपा में पिछले 35 वर्षों से सक्रिय जिला परिषद सदस्य रह चुके कमल सिंह पुरावत का लगातार तीसरी बार टिकट कटा तो उन्होंने भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थाम लिया। भाजपा से उप जिला प्रमुख का चुनाव लड़ चुके पुरावत वार्ड संख्या 30 से कांग्रेस का टिकट लेकर चुनावी रण में कूद गए। पुरावत बोले-उन्होंने अपनी जिंदगी के 35 साल भाजपा को दिए। इसके बावजूद पार्टी ने वर्ष 2015 और 2020 के बाद इस बार भी उनका टिकट काट दिया। पुरावत के सामने भाजपा ने मांडल विधायक उदयलाल भड़ाणा के करीबी अमरसिंह को चुनावी मैदान में उतारा है।

कमिश्नर के सामने उठा रास्ते पर अतिक्रमण का मुद्दा



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

नगर निगम आयुक्त कमल सिंह यादव ने आज सुबह वार्ड नंबर 17 सहित शहर के कई क्षेत्रों का दौरा किया। वार्ड नंबर 17 में निरीक्षण के दौरान देवनारायण गली के पास बंद पड़े रास्ते को खुलवाने की मांग प्रमुखता से उठी। पार्षद राजेंद्र पोरवाल और क्षेत्रवासी जगदीश चंद्र पुरोहित ने आयुक्त को रास्ते सहित अन्य समस्याएं बताई। आयुक्त ने काशीपुरी, गंगापुर चौराहा, गांधीनगर, आजाद नगर, पांसल चौराहा, लेबर कॉलोनी, बापू नगर, हरिजन बस्ती और एफसीआई रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों में सफाई, सड़क, नाली और अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया। क्षेत्रवासियों ने बताया कि मुख्य सड़क से जुड़ने वाला यह रास्ता लंबे समय से बंद है। यहां करीब 10 फीट जगह पर अतिक्रमण है। यह रास्ता पहले भी खुलवाया गया था। नालियों, क्रॉसिंग और सफाई व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं भी आयुक्त के सामने रखी गईं। आयुक्त यादव ने कहा कि बंद रास्ते तथा अतिक्रमण से संबंधित रिकॉर्ड की जांच करवाई जाएगी। यदि रिकॉर्ड में रास्ता दर्ज है, तो उसे खुलवाने की कार्रवाई की जाएगी।

WORTHYTECH SOLUTIONS

IDEAS | TECHNOLOGY | GROWTH

We Build Solutions for Your Business at an Affordable Cost.

WEBSITE DEVELOPMENT

SOFTWARE DEVELOPMENT

APP DEVELOPMENT

DIGITAL MARKETING

INTERNSHIP & TRAINING PROGRAMS for New Beginners

G-3, G-4, G-5, Ganpati Complex, Pur Road, Bhilwara (Raj.) – 311001

9982376430

www.worthytechsolutions.com

info@worthytechsolutions.com

सी. के. एस. हॉस्पिटल्स, जयपुर और नाहर हेल्थ केयर सेंटर, भीलवाड़ा द्वारा

नियमित परामर्श सेवाएं

आपके शहर भीलवाड़ा में



डॉ. राहुल नाहर
ENT & Head Neck Surgery
MBBS, MS ENT & Head Neck Surgeon Sleep Apnea and Snoring Specialist

डॉ. सुश्रुत कालरा
Plastic, Hand & Cosmetic Surgeon
MBBS, MS (General Surgery), MCh (Plastic & ReconstructiveSurgery), Fellowship in Hand Surgery and Breast Reconstruction (Chelmsford, UK), Fellowship in Cosmetic Surgery (Cadogan Clinic, UK), Ex faculty SMS hospital jaipur.

डॉ. अरुण आर्य श्योराण
Medical Gastroenterologist
MBBS, MD (General Medicine), Dr. NB (Medical Gastroenterology)

समय : सुबह 11.00 से दोपहर 02.00 बजे तक

स्थानः- नाहर स्वच्छायर सेवा सदन रोड, एपेक्स डायग्नोस्टिक सेंटर सेकंड फ्लोर, सेवा सदन स्कूल के पास, भीलवाड़ा, राजस्थान - 311001

प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को

Book An Appointment : 94622 39072, 9784024973

RHGS, CGHS, ECHS, ESIC, Indian Railway, Chiranjeevi & All TPS'S

CKSHospitals | CKSHospitals | www.ckshospitals.com

CKS Hospitals98A, Sikar Rd, Vishwakarma Industrial Area, Jaipur

गुलाबपुरा आएंगे कुमार विश्वास चंकी पांडेय, राजपाल यादव

लोकजीवन न्यूज सर्विस, गुलाबपुरा

नगर पालिका द्वारा इस वर्ष तीन दिवसीय दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पालिकाध्यक्ष विष्णुदेवी वैष्णव ने बताया कि तीन दिवसीय दशहरा आयोजन के तहत विशाल कवि सम्मेलन में 18 अक्टूम्बर को कवि कुमार विश्वास अपनी टीम के साथ आएंगे। 19 को कीर्तन संध्या, 20 को दशहरा महोत्सव में फिल्म अभिनेता चंकी पांडेय, राजपाल यादव आएंगे । साथ ड्रोन शो आकर्षक आतिशबाजी का आयोजन भी दशहरा महोत्सव के तहत होगा। नगरपालिका प्रशासन ने दशहरा महोत्सव की तैयारी आरंभ कर दी है।





राजस्थान का नं. 1 कोरियर सर्विस

DTDC Delivering Value

(M.) 94133-54317

PUSHPAK COURIER

सम्पूर्ण भारत में डाक एवं पार्सल की उत्तम सुविधा उपलब्ध हैं।

दुकान नं. 10, सदर बाजार, स्टेशन रोड, लक्ष्मण जनरल स्टोर के सामने, (मिर्ची वाले काबराजी की दुकान मेन मार्केट), भीलवाड़ा


DR. APURVA'S COSMO DENT CARE

SKIN | HAIR | LASER | DENTAL

अब भीलवाड़ा में नियमित सेवाएं



डॉ. प्रियांश जैन
MBBS, M.D. (SKIN & VD)
(BHU VARANASI)
पूर्व चिकित्सक अरिहन्त अस्पताल
रजि. हेतु सम्पर्क - 90247-23534
रविवार अवकाश
चर्म रोग, एलर्जी रोग एवं यौन रोग विषेशज्ञ



समय - प्रातः 10 AM से 3 PM, पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा
समय - सायं: 5 PM से 8PM
पता- पुर रोड़, पांसल चौराहा, भीलवाड़ा



डॉ. अपूर्वा धोका (जैन)
BDS, MDS ENDODONTIST (INDORE)
(Root Canal Specialist)
रजि. हेतु सम्पर्क - 76655-91929
अब अहमदाबाद जैसी सुविधाएं भीलवाड़ा जिले में पहली बार



रूट केनाल ट्रीटमेन्ट (RCT) के लिए बार-बार सिटिंग की जरूरत नहीं, अब एक सिटिंग में ही पाएं एडवांस टेक्नोलॉजी द्वारा सर्वोतम दर्द रहित उपचार

Expert in • Single Sitting Rotary RCT
• अत्याधुनिक मशीन द्वारा दाँतों की नसों का दर्द रहित इलाज
• फिक्स दाँत लगाना • लेजर द्वारा दाँतों में मसाला भरना
• इम्प्लान्ट् • बच्चों के दाँतों का इलाज • सिस्ट एवं ट्यूमर का ऑपरेशन • दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग • पायरिया का इलाज

समय - प्रातः 10 AM से 7 PM रविवार - 10 AM से 2 PM

पता– ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा

नवरात्र का चौथा दिन

माँ कूष्माण्डा: 'धूमालोचन' वध



माँ कूष्माण्डा ने 'धूमालोचन' का संहार किया। धूमालोचन का अर्थ है–धुएँ जैसी धुँधली दृष्टि। आज हमारे भीतर यह असुर पूर्वग्रह, सुनी-सुनाई बातों और अफवाहों पर विश्वास करने व बिना सोचे राय बनाने के रूप में मौजूद है। जब सत्य साफ दिखाई नहीं देता, तो जीवन में गलत निर्णय होते हैं। कूष्माण्डा की ऊर्जा हमें स्पष्ट विवेक देती है। किसी भी बात को तर्क व तथ्य की कसौटी पर कसना ही इस धुँध को छाँटना है। देवी का चौथा स्वरूप शहर की युवा चित्रकार अनु प्रजापत ने मधुबनी मिथिला चित्र शैली में लोकजीवन के लिए बनाया है।

गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा मिलने तक चलेगा अभियान: संत गोपालानंद जी महाराज

हरिसेवा धाम में गौ सम्मान आह्वान अभियान की जिला बैठक

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने एवं गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर गौ सम्मान आह्वान अभियान के तृतीय चरण के तहत हरि सेवा धाम उदासीन आश्रम में संत-महात्माओं के सानिध्य में गौ भक्तों की बैठक हुई। ग्वाल संत श्री गोपालानंद महाराज ने कहा कि गौ माता की दुर्दशा के लिए समाज की उदासीनता भी जिम्मेदार है। प्लास्टिक खाने से गोवंश की मृत्यु और कत्लखानों में गोवंश के जाने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने समाज से गौ सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए अभियान निरंतर जारी रहेगा। धर्म



और राजनीति से ऊपर उठकर प्रत्येक गौ भक्त को इस कार्य में समय देना होगा। उन्होंने 51 करोड़ हस्ताक्षर का लक्ष्य पूरा करने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया और कहा कि सरकार को बार-बार प्रार्थना पत्र देकर गौ संरक्षण की मांग याद दिलाते रहना होगा।

महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन महाराज ने कहा कि जब तक गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा नहीं मिल जाता और गोवध पर प्रतिबंध नहीं लगता, तब तक जनजागरण के प्रयास जारी रखने होंगे। उन्होंने गौ सेवा को जागृत देवता की सेवा बताते हुए देशी गिर गाय पर यूरोप में हो रहे अनुसंधान का भी उल्लेख किया।

भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने कहा कि गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाना और गोहत्या बंद करवाना है। हस्ताक्षर अभियान के साथ प्रत्येक व्यक्ति का गौ माता से हृदय से जुड़ना आवश्यक है, तभी स्थायी समाधान संभव होगा।

अभियान के तहत 20 करोड़ हस्ताक्षर हो चुके हैं। 31 करोड़ के लक्ष्य को भी जल्द पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। भीलवाड़ा जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए गांवों को गोद लेकर प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में 10 गांव गोद लिए जा चुके हैं तथा 15 और गांवों को गोद लेने की तैयारी है। उन्होंने आगामी 15 अगस्त तक गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की दिशा में ठोस व्यवस्था होने की उम्मीद भी जताई।

अभियान के प्रदेश प्रभारी बहादुर सिंह ने कहा कि अभियान के प्रथम और द्वितीय चरण में 426 के मुकाबले 441 तहसीलों से समर्थन मिलना उत्साहजनक है। अभियान के राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी आदेश सोनी ने गौ भक्तों से 17 दिसंबर तक पूरी तत्परता से जुटने और गोहत्या जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए जनसमर्थन मजबूत करने का आह्वान किया। जैन धर्म के राष्ट्रीय संत सुरेश मुनि जी महाराज, हाथी भाटा आश्रम के महंत संत दास जी महाराज एवं प्रकाशानंद जी महाराज, जिला समन्वयक सुनील जागेटिया, संत पुनीत दास जी त्यागी ने भी विचार व्यक्त किए। मंचासीन अतिथियों में पुजारी मुरारी पाण्डे, पुनीतदास, रूपानंद सरस्वती, पं. मथुरादास, विधायक अशोक कुमार कोठारी विराजमान थे। सभी संतों, जनप्रतिनिधियों और गौ भक्तों ने गौ संरक्षण, जनजागरण तथा हस्ताक्षर अभियान को गति देने का संकल्प लिया। प्रारंभ में कैलाश जीनगर ने मां भारती और गौ माता पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। संचालन बाबूलाल टाक ने किया। इस दौरान पूर्व उप जिला प्रमुख टी.सी. चौधरी, नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाड, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लादूलाल तेली, विवेकानंद केंद्र के प्रदेश प्रभारी भगवान सिंह चौहान, चित्तौड़गढ़ के अभियान प्रभारी गौरव सोमानी आदि उपस्थित थे।

न्यूज इन बाक्स

दशहरे पर फिर गूंजेगा भैरू गाडरी के रावण का दमदार अंदाज



भीलवाड़ा। मांडल तहसील के पीथास ग्राम में दशहरा महोत्सव को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। इस बार दशहरे पर भैरू गाडरी के रावण के किरदार को लेकर खास चर्चा हो रही है। अपने दमदार अंदाज, आकर्षक वेशभूषा और प्रभावशाली अभिनय से पहचान बनाने वाले पीथास के भैरू गाडरी ने कई बार दशहरा महोत्सव में रावण की भूमिका निभाकर दर्शकों का दिल जीता है। रावण की पारंपरिक वेशभूषा, भव्य मुकुट, दमदार आवाज और शानदार अभिनय के जरिए वे अपने किरदार को जीवंत कर देते थे। उनकी प्रस्तुति दशहरा महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहती थी। यही वजह है कि उनके द्वारा निभाए गए रावण का अंदाज आज भी ग्रामीणों की यादों में बसा हुआ है। हालांकि, पिछले दो वर्षों से स्वास्थ्य ठीक नहीं रहने के कारण वे रावण की भूमिका नहीं निभा पाए थे। अब इस बार उनके फिर से रावण बनने की उम्मीद से ग्रामीणों और उनके प्रशंसकों में खास उत्सुकता है। यदि वे अपने पुराने अंदाज में मंच पर उतरते हैं, तो दशहरा महोत्सव की रौनक और बढ़ जाएगी तथा लोगों को एक बार फिर वे यादगार पल देखने को मिलेंगे, जिन्होंने पीथास के दशहरे को खास पहचान दिलाई थी।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 40 किलो एक्सपायरी चॉकलेट कराई नष्ट, केक का लिया नमूना

भीलवाड़ा। त्यौहारों में ऐन वक्त पर आमजन की सेहत से खिलवाड़ करने वाले दुकानदारों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। जिला कलक्टर



जसमीत सिंह संधू के सख्त निर्देशों के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने निरीक्षण करते हुए मेसर्स अल्फिया कन्फेक्शनरी से एक्सपायरी सामग्री जब्त कर मौके पर ही नष्ट कराई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में गठित विशेष जांच टीम ने शहर स्थित मेसर्स अल्फिया कन्फेक्शनरी पर औचक दबिश दी। कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान में बड़ी लापरवाही उजागर हुई। दुकान में लगभग 40 किलोग्राम अवधि पार चॉकलेट व अन्य अमानक खाद्य सामग्री बिक्री के लिए रखी पाई गई। टीम ने उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए इस पूरी सामग्री को तुरंत जब्त किया और मौके पर ही विनष्ट करवा दिया। इसके अलावा टीम ने प्रतिष्ठान से क्रीमी लेयर चॉकलेटी फ्लेवर केक का संदिग्ध नमूना संग्रहित किया, जिसे गुणवत्ता जांच के लिए राज्य स्तरीय प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरज मीणा, कुलदीप व संजय वर्मा शामिल रहे। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से शहर के मिलावटखोरों और लापरवाह कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि त्योहारी सीजन में शुद्धता से समझौता किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

53 वीं सृजन काव्य गोष्ठी में कवियों ने कविता-पाठ से किया भावविभोर

भीलवाड़ा। वरिष्ठ नागरिक मंच की 53 वीं सृजन काव्य गोष्ठी का आयोजन साहित्यिक वातावरण में किया गया। गोष्ठी में उपस्थित कवियों ने अपनी रचनाओं



के माध्यम से सामाजिक सरोकारों, रिश्तों, ग्रामीण जीवन, मातृभूमि एवं नवरात्रि जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्यामसुंदर तिवाडी 'मधुप' ने की तथा ओम उज्जवल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार शर्मा 'अजीब' ने किया। काव्य गोष्ठी में योगेंद्र कुमार सक्सेना,ऊर्मिला माहेश्वरी, नरेंद्र वर्मा नरेन, शशि ओझा, रामविलास नागर, जिनेंद्र चौधरी, सोहन लाल शर्मा, बंशी लाल पारस,मनोहर लाल कुमावत, महावीर पारीक, कृष्णा माहेश्वरी, महेंद्र शर्मा, ओम उज्जवल,श्यामसुंदर तिवाडी 'मधुप' एवं अरुण कुमार शर्मा 'अजीब' ' सहित सभी कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। कवियों ने अपनी कविताओं में मातृभूमि के गौरव, गाँव की यादों, रिश्तों की अहमियत और जीवन के विविध रंगों को अभिव्यक्ति दी। नवरात्रि एवं माँ की आराधना से जुड़ी रचनाओं ने भी वातावरण को भक्ति मय बनाया। हास्य-व्यंग्य और भावपूर्ण काव्य-पाठ ने श्रोताओं को साहित्य से जोड़ते हुए गोष्ठी को रोचक बनाया।

जिला स्तरीय अंडर-19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पीथास के सुनील ने जीता कांस्य पदक

भीलवाड़ा। जिले के फूलिया कलां (शाहपुरा) स्थित श्री कल्याण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 9 से 12 अक्टूबर 2026 तक आयोजित 70वीं जिला



स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के 19 वर्ष आयु वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीथास के प्रतिभाशाली छात्र सुनील कुमार जाट ने जैवलिन थ्रो (भाला फेंक) में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया। शारीरिक शिक्षक मदनलाल खटीक ने बताया कि प्रतियोगिता में जिलेभर से 602 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सुनील कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार सहित पीथास क्षेत्र में खुशी की लहर है। प्रतियोगिता से लौटने पर विद्यालय परिवार की ओर से सुनील कुमार का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने छात्र की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए संस्था प्रधान इंद्रपाल सिंह चुंडावत, शारीरिक शिक्षक मदनलाल खटीक सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन से विद्यार्थियों को खेलों में अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिल रहा है।

शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन हुई मां कूष्मांडा की पूजा

शक्तिपीठों में उमड़े भक्त

भीलवाड़ा। शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन भगवती के चतुर्थ स्वरूप मां कूष्मांडा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। शहर समेत जिलेभर के शक्तिपीठों में मातारानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शहर व गांवों से कई लोग समूह के रूप में हाथों में ध्वज लिए मातारानी के दरबार में पैदल पहुंचे और मत्था टेककर मनोकामना पूर्ति की कामना की। शहर में रोडवेज बस स्टैंड स्थित शक्तिधाम, पुलिस लाइन के पीछे बाबाधाम, हरणी स्थित मां चामुंडा के दरबार में आरती के समय बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। नवरात्र के चलते इन शक्तिपीठों में मातारानी का नियमित भव्य श्रृंगार भी किया जा रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां कूष्मांडा की मंद मुस्कान से ही ब्रह्मांड की उत्पत्ति हुई थी, इसलिए इन्हें सृष्टि की आदिशक्ति कहा जाता है। इनकी आराधना से साधक को यश, बल और आरोग्य की प्राप्ति होती है। मां कूष्मांडा का



स्वरूप अत्यंत तेजस्वी और अलौकिक है। अष्टभुजाधारी देवी के हाथों में कमंडल, धनुष, बाण, कमल, अमृत कलश, चक्र, गदा और जपमाला सुशोभित हैं तथा इनका वाहन सिंह है।

पूजन विधि: साधक प्रातः स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें और मां दुर्गा के समक्ष व्रत का संकल्प लें। पूजा स्थल को गंगाजल से पवित्र कर मां कूष्मांडा की प्रतिमा स्थापित करें। देवी को लाल या पीले पुष्प, रोली, अक्षत, चंदन, धूप व दीप अर्पित करें। मां कूष्मांडा को मालपुए का भोग अत्यंत प्रिय है। इसके साथ ही फल, मिश्री व सात्विक प्रसाद अर्पित किया जा सकता है। पूजा के दौरान ?देवी कूष्माण्डायै नमः मंत्र का श्रद्धापूर्वक जाप करें तथा दुर्गा सप्तशती का पाठ करें। मां कूष्मांडा की भक्ति मानव जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मविश्वास और मानसिक बल का संचार करती है। श्रद्धाभाव से की गई यह पूजा परिवार में सुख-समृद्धि और आरोग्य का आधार बनती है।

16108 श्री तुलसी शालिग्रामजी विवाह महोत्सव के लिए भूमिपूजन कल

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

धर्मनगरी भीलवाड़ा में 20 नवम्बर को 16108 श्री तुलसी शालिग्रामजी विवाह महामहोत्सव का आयोजन होगा। श्री तुलसीजी से विवाह करने के लिए राजाधिराज मेवाड़ धणी श्री गढ़बोर चारभुजानाथ की प्रथम भव्य ऐतिहासिक बारात का आगमन भीलवाड़ा में होगा। शहर के आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउण्ड पर होने वाले इस महामहोत्सव के आयोजन 17 नवम्बर से प्रारंभ हो जाएंगे। महोत्सव के आयोजक श्री तुलसी शालिग्राम विवाह समिति, सकल सनातन परिवार भीलवाड़ा एवं समस्त श्री चारभुजा पदयात्री संघ द्वारा भव्य रूप से तैयारियां की जा रही है। महोत्सव के लिए भूमि पूजन एवं महाध्वज स्थापना 15 अक्टूबर गुरूवार को अभिजीत लग्न दोपहर 12.11 बजे मेडिसिटी ग्राउण्ड में होगी। भूमि पूजन में 21 युगल पूजन करेंगे। महोत्सव के सूत्रधार श्रीविष्णु कृष्ण तनय महाराज एवं मुख्य आचार्य योगेन्द्र शर्मा वैदिक परम्पराओं के अनुसार पूजन अर्चन कराएंगे। भूमि पूजन एवं ध्वज स्थापना समारोह में महामंडलेश्वर हंसरामजी महाराज, महामंडलेश्वर बाबूगिरी महाराज, महंत लक्ष्मणदास त्यागी, महंत बनवारीशरण काठियाबाबा, महंत रामदास रामायणी, महंत संतदास, महंत मोहनशरण शास्त्री, महंत श्रीलाल बाबा, महंत जोगेश्वरदास, पुजारी मुरारी पांडे, आशुतोष शर्मा, कल्याणमल शर्मा का सानिध्य प्राप्त होगा। महोत्सव के संयोजक एस.एन. गग्गड़ ने बताया कि आयोजन समिति के अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र कचोलिया, छगनलाल जैन, सचिव देवेन्द्र सोमाणी एवं हनुमान अग्रवाल के दिशा निर्देशन में सभी तैयारियां की जा रही है।

पंचायत चुनाव नामांकन में अलवर सबसे आगे, भीलवाड़ा चौथे नंबर पर

भीलवाड़ा में 45 जिला परिषद सदस्यों के लिए,

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव में जिला परिषद की 586 सीटों पर 2,629 और प्रथम चरण की पंचायत समितियों की 1,806 सीटों पर 7,890 उम्मीदवार मैदान में हैं। जिला परिषद में अलवर में सबसे ज्यादा और राजसमंद और कोटा में सबसे कम नामांकन दाखिल हुए। अलवर में 39 सीटों पर 269 नामांकन दाखिल हुए और 256 उम्मीदवार मैदान में हैं। जयपुर 234 नामांकनों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। भीलवाड़ा चौथे नंबर पर हैं। भीलवाड़ा की 45 जिला परिषद सीटों के लिए 203 उम्मीदवारों ने 216 नामांकन पत्र दाखिल किए।

पंचायत चुनाव के लिए नामांकन के आखिरी दो दिनों में उम्मीदवारों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव में शुरुआती दो दिनों तक नामांकन की रफ्तार धीमी रही, लेकिन तीसरे और चौथे दिन बड़ी संख्या में पर्चे दाखिल हुए। जिला परिषद की 586 सीटों के लिए 2,629 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि 104 पंचायत समितियों की 1,806 सीटों पर 7,890 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। नामांकन के चार दिनों-8, 9, 12 और 13 अक्तूबर के आंकड़ों के



अनुसार जिला परिषद चुनाव के लिए कुल 2,795 नामांकन दाखिल हुए। इस तरह प्रति सीट औसतन करीब 4.5 उम्मीदवार हैं। वहीं पंचायत समिति चुनाव में 8,624 नामांकन-पत्र भरे गए, जो प्रति सीट औसतन करीब 4.4 उम्मीदवार बैठते हैं। नामांकन-पत्रों और उम्मीदवारों की संख्या में अंतर इसलिए है, क्योंकि कुछ उम्मीदवारों ने एक से अधिक पर्चे दाखिल किए हैं।

पंचायत समिति चुनाव में भी यही तस्वीर

पहले चरण की पंचायत समितियों के चुनाव में भी यही तस्वीर रही। पहले दिन सात और दूसरे दिन 34 नामांकन आए। तीसरे दिन 2,912 और चौथे दिन 5,671 नामांकन दाखिल हुए। भीलवाड़ा जिले की नौ पंचायत समितियों की 177 सीटों के लिए 895 प्रत्याशियों ने 977 फॉर्म भरे। इसकी बड़ी वजह यह रही कि कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं की।

जिला परिषद: सर्वाधिक नामांकन वाले जिले

जिला	सीटें	नामांकन	उम्मीदवार
अलवर	39	269	256
जयपुर	57	234	223
नागौर	37	218	198
भीलवाड़ा	45	216	203
बीकानेर	41	215	207

अंतिम दिन प्रत्याशियों को सीधे सिंबल दिए गए। इसके चलते ज्यादातर प्रत्याशी सिंबल की आस में पहले नामांकन भरने से बच रहे थे।

आखिरी दिन आए जिला परिषद के 77 फीसदी नामांकन

जिला परिषद चुनाव में पहले दिन और दूसरे दिन केवल आठ-आठ नामांकन दाखिल हुए। तीसरे दिन यह संख्या बढ़कर 635 और चौथे दिन 2,144 पहुंच गई। यानी कुल नामांकनों में करीब 77 फीसदी पर्चे आखिरी दिन दाखिल किए गए।

सुवाणा में सर्वाधिक नामांकन

पंचायत समिति चुनाव में अलवर जिले की रेनी समिति सबसे आगे रही। यहां 273 नामांकन दाखिल हुए, जबकि कठूमर में 271 नामांकन आए। तीसरे नंबर पर भीलवाड़ा की सुवाणा पंचायत समिति हैं। यहां 27 सीटों के लिए 220 उम्मीदवारों ने 234 नामांकन दाखिल किए।

एसएमएम गर्ल्स स्कूल की बालिकाओं ने रचा इतिहास, जीते 56 पदक

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भीलवाड़ा की बालिकाओं ने शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ खेल जगत में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सत्र 2026-27 में जिला एवं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की छात्राओं ने कुल 56 पदक अपने नाम किए। इनमें 41 स्वर्ण, 9 रजत और 6 कांस्य पदक शामिल हैं। राज्य स्तर पर भी छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 15 पदक प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का गौरव बढ़ाया। संस्था प्रधान सुषमा विश्नोई के नेतृत्व में आयोजित समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं, समस्त टीम प्रभारियों एवं



खिलाड़ियों को तिलक लगाकर, उपरना पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान सुषमा विश्नोई,बसंत पोरवाल, आशा ओझवानी एवं दलपत जैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर खेलों में छात्राओं की उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए शारीरिक शिक्षक डॉ. नारायणलाल गाडरी को भी सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि विद्यालय ने इस सत्र में शिक्षा के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। छात्राओं की यह सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन, लगन और नियमित अभ्यास का परिणाम है। सभी टीम प्रभारियों एवं खिलाड़ियों को तिलक लगाकर, उपरना पहनाकर तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

गर्ल्स कॉलेज में मेरा शहर, समस्याएँ और समाधान विषय पर संवाद

भीलवाड़ा। विकसित भारत जन सेवा अभियान के अंतर्गत सेठ मुरलीधर मानसिंहका कन्या महाविद्यालय में मेरा शहर समस्याएँ और समाधान विषय पर छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा राव ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को अपने शहर की स्थानीय समस्याओं के प्रति जागरूक करना तथा उनके समाधान के लिए रचनात्मक एवं व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत करने हेतु प्रेरित करना था। संवाद के दौरान शहर की स्वच्छता, यातायात व्यवस्था, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, सार्वजनिक सुविधाओं तथा नागरिक जिम्मेदारियों जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रतिभा राव ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए स्थानीय समस्याओं की पहचान और उनके समाधान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को जागरूक नागरिक बनकर अपने शहर के विकास में योगदान देने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों के प्रति संवेदनशील रहने के लिए प्रेरित किया। रेखा मेहता (सहायक आचार्य राजनीति विज्ञान) ने छात्राओं को संवाद के माध्यम से अपनी बात रखने, समस्याओं का विश्लेषण करने तथा समाधानपरक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्राओं को सामाजिकसरोकारों, नागरिक कर्तव्यों और शहर के समग्र विकास के प्रति जागरूक करने की दिशा में सार्थक पहल की।

महापौर ने वार्ड 18, 19, 22 और 23 का किया निरीक्षण



भीलवाड़ा। नगर निगम महापौर जसवंत कंवर ने शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों और सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए वार्ड संख्या 18, 19, 22 और 23 का निरीक्षण किया। महापौर ने स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। वार्ड संख्या 18 के निरीक्षण के दौरान महापौर ने महिला स्नानागार का जायजा लिया और इसे आम जनता के लिए पूरी तरह सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। वार्ड संख्या 19 में प्रताप नगर स्कूल के पास मुख्य नाला भरा हुआ पाए जाने पर महापौर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नाले की सफाई करवाने और जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए। वार्ड संख्या 22 और 23 का दौरा करते हुए महापौर ने क्षेत्र में कचरा उठाव और स्वच्छता के स्तर को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए। महापौर ने बताया कि जनहित से जुड़े कार्यों और स्वच्छता में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जायंट्स स्मार्ट सिटी ग्रुप द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य सराहनीय: वागरेचा

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जायंट्स ग्रुप भीलवाड़ा स्मार्ट सिटी के फेडरेशन ऑफिस में यूनिट डायरेक्टर सीए नवीन वागरेचा की आधिकारिक विजिट हुई। ग्रुप के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा उनका माल्यार्पण, उपरना एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। ग्रुप अध्यक्ष मदन गोपाल कालरा एवं प्रशासनिक निदेशक अविनाश माथुर ने ग्रुप द्वारा वर्षभर में किए गए सामाजिक, नैतिक एवं जनसेवा के विभिन्न कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। आगामी दिनों में किए जाने वाले सेवा कार्यों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। यूनिट



डायरेक्टर वागरेचा ने ग्रुप द्वारा किए गए सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी ग्रुप समाज सेवा के क्षेत्र में अच्छा काम कर रहा है। आगे भी ग्रुप इसी तरह सेवा कार्य जारी रखेगा। सभी सदस्यों ने भविष्य में भी समाजसेवा के कार्यों को नई ऊर्जा एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्पेशल कमेटी मेंबर सुरेंद्र जैन, विपिन शाह, आर.एस. राठी, मनोज सिंह, सुभाष अरोड़ा, राकेश सिंघल, पवन अग्रवाल, सुभाष दुधानी, शिव झंवर, राकेश सक्सेना सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक सम्पादक मुद्रक कैलाश त्रिवेदी द्वारा लोकजीवन मीडिया एण्ड पब्लिशर्स, नागौरी गार्डन भीलवाड़ा से मुद्रित एवं 207-214 नागौरी गार्डन, लोकजीवन कॉम्पलेक्स, भीलवाड़ा से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा ही होगा।
आर.एन.आई. नं. 27201/76 पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026, (मो.) 83067-92625 फोन नं. 355985, जयपुर कार्यालय : D-38, प्रधान पथ, चौमू हाउस, सी स्कीम, जयपुर फोन : 0141-4038281, E-mail : lokjeewan@gmail.com

आज का विचार

सुप्रीम कोर्ट की फटकार पर कैंसर की दवाएं सस्ती की जा सकती है तो आम दवाईयों पर भी अंकुश लगाकर जनता को राहत देनी चाहिए।

शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता

दैनिक **लोकजीवन**

कैंसर की दवाएं - 70 प्रति. सस्ती

दवाईयों पर मनमानी लूट अधिकतम खुदरा मूल्य और लागत में जमीन आसमान का अंतर। आम जनता जितना डॉक्टर पर भरोसा करती है। उतना ही दवा विक्रेता पर भी । अस्पताल में मरीज और परिजन बाहर दवा खरीदने जाये तो स्वाभाविक है कि किसी भी दवा की मांगी गई कीमत पर न बहस करेगा और न ही मौल भाव। क्योंकि उसे भरोसा है दवा विक्रेता उसकी स्थिति का नाजायज फायदा नहीं उठायेगा। लेकिन सच कुछ और ही है दवा विक्रेता का बचाव दवाई पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) करता है एमआरपी तक मांगे दाम वाजिब मान लिये जाते हे परन्तु एमआरपी की कोई सीमा नहीं कि गालत से कितना गुना अधिक है या दवा विक्रेता को जिस कीमत पर दवा मिल रही है। उससे किसी अधिक राशि लिखी हुई है। सुप्रीम कोर्ट तक मामला पहुंचा और सर्वोच्च न्यायालय ने कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों की दवाओं पर सौ गुना मुनाफा अंकित देख कड़ी फटकार लगाते हुए इसे दिन दहाड़े लूट तथा डकैती जैसी संज्ञा देते हुए कहा कि सरकार क्यों नहीं एमआरपी की सीमा तय करती। कोर्ट ने सुझाव दिया कि खरीद मूल्य पर 16 प्रतिशत मुनाफे की बाध्यता के लिए सरकार को नीति बनानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की फटकार का असर भी हुआ और सरकार ने मार्जिन प्रतिशत तय कर दिया।

केन्द्र सरकार ने 8 अक्टूबर को गैर सूची बद्ध कैंसर दवाओं को ट्रेड मार्जिन 30 प्रतिशत तक करने की मंजूरी दे दी अर्थात पहले के मुकाबले अब वहीं दवा 70 प्रतिशत कम कीमत पर बेचनी होगी जिसका आप लोगों को सीधा लाभ होगा। मरीज 2500 करोड़ रूपये सालाना बचा सकेंगे। केन्द्र ने राज्यों से अस्पतालों और क्लिनिकों में इलाज, जांच व सुविधाओं के रेट प्रमुख जगह दिखाने को कहा है स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने मुख्य सचिवों को पात्र लिखकर क्लिनिकल एस्टेबलिस्टमेंअ एक्ट वाले राज्यों में स्थानीय भाषा और अंग्रेजी में रेट दिखाना पहले से अनिवार्य है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूछा कि कैंसर दवाओं की तरह बाकी दवाओं और मेडिकल उपकरणों के मुनाफे पर सीमा क्यों नहीं जस्टिस विक्रमनाथ और संदीप मेहता की बैंच ने हार्ट स्टेंट की कीमत में 5 गुना अंतर पर सवाल उठाया। सोलिसिटर तुषार मेहता बोले कि स्टेंट की दरें पहले से नियंत्रित है। कोर्ट ने स्पाइनल ड्रिप लाइन की एमआरपी 11 होने के बावजूद 270 में बिक्री पर सवाल उठाया। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में 2700 में रिटेलर को मिलने वाली कैंसर दवा की 27 हजार एमआरपी को दिन दहाड़े लूट बताया था। आज आवश्यकता इस बात की है कि आमजन तथा मरीजों को राहत देने के लिए सरकार दवा कीमत नियंत्रण के लिए जरूरी कदम उठाये।

कड़वी घूंट -सूरज

जंतर-मंतर नहीं ...

आम जन जंतर मंतर को टोना-टोटके के रूप में प्रयोग करता है विशेष कर ग्रामीण इलाकों में इसके प्रभाव दुष्प्रभाव भी देखने को मिलते है। अनपढ़ ग्रामीण लोग इनके शिकार होते रहते है। जादू टोना कितना सचव या कितना काल्पनिक यह तो नहीं कहा जा सकता लेकिन पीड़ित को इनसे भी राहत की उम्मीद नजर आती है इसलिए शिकार हो जाता है।

विपरित इसके जंतर-मंतर देश की राजधानी का वह स्थल हे। जहां अन्ना हजारे के अनशन से आम आदमी पार्टी का उदय हो गया तो जंतर-मंतर पर प्रदर्शन से ही सीजेपी ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा करवा दिया तो मान लिया गया कि यह जंतर-मंतर का कमाल है कि जो मांगों वह मिल जाएगा। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन ही नहीं हो तो।

हां सुप्रीम कोर्ट की सलाह पर ही सही दिल्ली के जंतर-मंतर पर अब धरना प्रदर्शन नहीं हो पायेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की समिति की सिफारिश पर प्रदर्शन कारियों के लिए तीन नये स्थान, रामलीला मैदान बुराडी मैदान और पूर्वी दिल्ली के सीबीडी ग्राउंड को चिह्नित किया गया है। दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल के रूप में डिनोटीफाई कर दिया है। अब यह आप जानो कि नये स्थलों की दूरी भी बढ़ जाएगी और प्रदर्शनों को आसानी से नियंत्रित भी किया जा सकेगा जंतर-मंतर को ना हो गई।

शाहपुरा का अस्तित्व और फूलडोल मेले का भविष्य

संशय और जनआक्रोश के साए में रामस्नेही संप्रदाय की ऐतिहासिक नगरी

✍ **चांदमल मूण्दड़ा**
लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा



राजस्थान की राजनीति के उलटफेर और प्रशासनिक बदलावों के बीच शाहपुरा कस्बा एक बार फिर गंभीर संकट और गहरी चर्चाओं के केंद्र में है। कभी 18 महीनों तक जिला रहे शाहपुरा ने प्रशासनिक पहचान खोने का दर्द अभी पूरी तरह झेला भी नहीं था कि अब इसकी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं। अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय की मुख्य पीठ और ऐतिहासिक फूलडोल मेले के शाहपुरा से बाहर जाने की सुगबुगाहटने स्थानीय निवासियों, संतों और श्रद्धालुओं में भारी रोष और चिंता पैदा कर दी है।

शाहपुरा की वैश्विक पहचान किसी प्रशासनिक इकाई से नहीं, बल्कि रामस्नेही संप्रदाय के रामद्वारे और यहां हर साल होली के ठीक दूसरे दिन से आयोजित होने वाले पांच दिवसीय भव्य फूलडोल मेले से जुड़ी है। इस मेले में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु और भक्तजन पहुंचते हैं। यह मेला न केवल करोड़ों आस्थावानों की आद्यात्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि शाहपुरा की अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी है। क्षेत्र में बड़े उद्योग या आजीविका के स्थायी साधन न होने के कारण स्थानीय आमजन और छोटे व्यापारी इसी मेले पर निर्भर रहते हैं। कुछ समय पूर्व शाहपुरा को जिला बनाए जाने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर और उम्मीदें जगी थीं, लेकिन जिला का दर्जा छिन जाने के बाद जनता की आस केवल फूलडोल मेले और पर्यटन से जुड़ी आजीविका पर टिकी थी।

अब स्थिति तब और गंभीर हो गई जब आचार्य श्री स्वामी रामदयाल जी महाराज के भीलवाड़ा चातुर्मास के दौरान 19 सितंबर को दिए गए प्रवचन में फूलडोल मेले को भीलवाड़ा में आयोजित किए जाने की संभावना पर चर्चा सामने आई। हालांकि महाराजश्री ने स्पष्ट किया था कि शाहपुरा के भक्तों, श्रद्धालुओं और संतों से व्यापक विचार-विमर्श के बाद ही इस संबंध में अंतिम निर्णय लिया जाएगा, किंतु इस संकेत मात्र से ही शाहपुरा के आमजन और रामस्नेही भाइयों में भ्रांतियां और आशंकाएं घर कर गई हैं।

यदि यह ऐतिहासिक मेला शाहपुरा से शिफ्ट होता है, तो इससे न केवल इस प्राचीन नगरी की पहचान लुप्त हो जाएगी, बल्कि यहां के स्थानीय दुकानदारों, कामगारों और युवाओं के सामने आजीविका का बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। जिला खोने का मलाल झेल रहे शाहपुरा के नागरिकों की यह स्पष्ट मांग और पीड़ा है कि वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार फूलडोल मेला अपने मूल स्थान शाहपुरा में ही यथावत आयोजित किया जाए, ताकि इस ऐतिहासिक नगरी का गौरव और स्थानीय जनता का रोजगार दोनों सुरक्षित रह सकें।

परमात्मा की प्राप्ति के मार्ग में माया सबसे बढ़ी बाधा-आचार्य रामदयालजी महाराज

रामद्वारा धाम से पंचमी गोटकाजी महाराज की शोभायात्रा कल 15 को

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा





प्रत्येक साधक के मन की भावना होती है कि उसे राम रूपी परमात्मा की प्राप्ति हो जाए। साधक वहीं होता जिनका दया स्वभाव, शील का संकल्प, संतोष की वृति ओर सत्य के प्रति समपर्ण का भाव होता है। ये चार बाते जिसमें आ गई उसे राम तक पहुंचने में कोई बाधा नहीं आएगी। रामचरण अनुरागी का इन चार बातों से गहरा सम्बन्ध होता है। ये विचार अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगतगुरू आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने ''विश्व शांति कल्याण'' चातुर्मास के तहत मंगलवार को दैनिक सत्संग में व्यक्त किए। चातुर्मासिक आयोजन के तहत आसोज शुक्ला पंचमी 15 अक्टूबर गुरूवार को सुबह 9 बजे माणिक्यनगर रामद्वारा धाम से पंचमी गोटकाजी महाराज की शोभायात्रा निकाली जाएगी। सत्संग में आचार्यश्री ने कहा कि अनुभवी महापुरूषों ने राम का दीदार नहीं हो पाने के पीछे सबसे बड़ी बाधा माया को बताया है। माया ऐसी तलवार है जिससे कटे बिना कोई नहीं रहता। साधना में सबसे बड़ी बाधा माया होती है। ये साधक को भटकाती है तो गृहस्थ को साधना से जु?ने नहीं देती। आचार्य रामदयाल महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में सिनेमा, सिगरेट, सट्टा, सुरा सुंदरी के अप संस्कारों के पैर पसारने से सत्संग, सदाचार, सद्भावना व शांति काफूर हो गई है। सिनेमा व मोबाइल के दुष्प्रभाव से समाज व्यथित है, कोई भी दिल पर हाथ रखकर ये नहीं कह सकता कि वह पूर्ण सुखी है। उन्होंने कहा कि परमात्मा को पाना चाहते है तो उसके लिए मीरा, ध्रुव व प्रहलाद जैसी भक्ति करनी होगी। पाश्चात्य संस्कृति में डूबा युवा सांसारिक सुख पाने की चाह में भोग वासना के जाल में उलझ कर धर्म के मार्ग से विमुख होता जा रहा है। इन्द्रियों पर संयम रखे बिना परमात्मा की साधना नहीं हो सकती। आचार्यश्री ने कहा कि वासना व्यक्ति को भटकाव के मार्ग पर ले जाती है ओर वासना के कारण व्यक्ति कभी अपनी विकृतियों ओर संस्कृति पर चिंतन नहीं कर पाता है। वासना की पूर्ति के लिए व्यक्ति उपासना के चारों तत्वों का अनादर करने से भी नहीं हिचकता है। माता पिता बच्चों को पढ़ने व बिजनेस के लिए बाहर भेजते है पर वह उनकी आंखों में भी धूल झोंकते है। उन्होंने कहा कि याद रखे दुनिया में सबकी आंखों में धूल झोंकी जा सकती पर परमात्मा से कुछ भी नहीं छुपाया जा सकता है। बच्चों का पांच वर्ष तक पालन पोषण करने के साथ 10 वर्ष की उम्र तक गलत कार्य पर ताड़ना देनी चाहिए। एक उम्र के बाद उसके साथ मित्रवत व्यवहार करना चाहिए। माता-पिता इकलौती संतान के मोह में उसका गलत आचरण भी स्वीकार कर लेते है। आचार्यश्री से पूर्व अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रखर वक्ता संत मनोरथरामजी आलोट ने मानस प्रवचन दिया। प्रवचन के विश्राम पर श्रद्धालुओं द्वारा आचार्यश्री रामदयालजी महाराज की आरती की गई।

विद्यार्थियों के शिक्षण कौशल को विकसित करना सूक्ष्म शिक्षण पाठ योजना



लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

महाप्रभु स्वामी रामचरण कन्या विद्यापीठ में विद्यार्थियों के शिक्षण कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से सूक्ष्म शिक्षण पाठ योजना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्यान के दौरान डॉ. धीरज कुमार शर्मा, टोंक ने विद्यार्थियों को कौशल विकास के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। डॉ. शर्मा ने विद्यार्थियों को अपने कौशल को विकसित करने, शिक्षण कार्य में प्रभावशीलता लाने तथा व्यावहारिक ज्ञान के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षण के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए विषय के ज्ञान के साथ-साथ प्रभावी संप्रेषण, आत्मविश्वास और बेहतर शिक्षण कौशल भी आवश्यक हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश कुमावत के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं को सूक्ष्म शिक्षण पाठ योजना के माध्यम से शिक्षण की विभिन्न विधियों, कक्षा संचालन तथा विषयवस्तु को सरल एवं रोचक ढंग से प्रस्तुत करने की जानकारी दी गई। इस आयोजन से छात्राओं को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने और अपने शिक्षण कौशल को निखारने का अवसर मिला। इस प्रकार के कार्यक्रम भावी शिक्षकों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए संकाय सदस्य रेहाना परवीन छीपा, पूर्णा पारिक, सरिता छीपा, मीना शर्मा, रितु सेन, अनुराग जोशी, अमीत शर्मा, राजेश कुमावत सहित छात्राओं ने भाग लिया।

विप्र सेना के तत्वावधान में चार दिवसीय गरबा महोत्सव का शुभारंभ



शाहपुरा। विप्र सेना ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय भव्य गरबा महोत्सव का मंगलवार, 13 अक्टूबर की रात्रि विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ पंडित अमन जोशी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना और संगीतमय आरती के साथ किया गया। इसके उपरांत संपूर्ण प्रांगण भक्तिमय भजनों और ढोल की थाप से गुंजायमान हो उठा, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने उत्साहपूर्वक गरबा नृत्य किया। विप्र सेना के नगर अध्यक्ष गोल्डी पुनीत पराशर, तहसील अध्यक्ष हेमराज शर्मा एवं युवा वैभव दत्त पोंड्रिक ने बताया कि आगामी तीन दिनों तक गरबा एवं डांडिया प्रतियोगिताओं के साथ विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। इसमें बालक-बालिकाओं, महिलाओं तथा पुरुषों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताएँ होंगी और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। विशेष आकर्षण के रूप में उत्कृष्ट वेशभूषा और मनमोहक नृत्य शैली के लिए भी विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्र के नवनिर्वाचित पार्षदों का नागरिक अभिनंदन भी आयोजित किया जाएगा। पदाधिकारियों ने रेखांकित किया कि पिछले पाँच वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा है।

पंचायत समिति सदस्य के लिए दाखिल हुए 3 नाम निर्देशन पत्र

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा



पंचायत राज संस्था आम चुनाव के लिए शाहपुरा पंचायत समिति सदस्य हेतु नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। रिटर्निंग अधिकारी शाहपुरा उपखण्ड अधिकारी बनवारी लाल सिनसिनवार ने बताया कि नामांकन के प्रथम दिन 03 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए। पहला नामांकन वार्ड नंबर 3 से काली देवी जाट ने प्रस्तुत किया। पंचायत समिति शाहपुरा में कुल 15 वार्ड है। पंचायत समिति शाहपुरा के समस्त 15 वार्डों में कुल 68101 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगें, जिसमें 34351 पुरुष मतदाता व 33750 महिला मतदाता सूची में सम्मिलित है। शाहपुरा पंचायत समिति क्षेत्र में मतदान हेतु कुल 81 बूथ बनाए गए हैं। पंचायत समिति सदस्य मतदान की प्रक्रिया इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन द्वारा करवाई जाएगी। शाहपुरा में मतदान दूसरे चरण में 28 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होंगे। पंचायत समिति सदस्य हेतु नामांकन स्वीकार करने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर निर्धारित की गई है। नामांकन प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे।

मतदान दिवस पर संबंधित क्षेत्र के कार्मिकों को सवैतनिक अवकाश

भीलवाड़ा । पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के तहत संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित सभी औद्योगिक एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश देना अनिवार्य होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने बताया कि राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिले में प्रथम व द्वितीय चरण में मतदान वाले क्षेत्रों में कार्यरत सभी कामगारों को मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा। उप श्रम आयुक्त ने बताया कि यह व्यवस्था लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135(ख) तथा राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 17(2) के प्रावधानों के तहत लागू होगी।

नव-निर्वाचित पालिकाध्यक्ष मोदी का मातृशक्ति ने किया अभिनंदन

बिजयनगर। विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति की ओर से राजीव कॉलोनी स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित धार्मिक सत्संग कार्य म के दौरान बिजयनगर नगरपालिका की नवनिर्वाचित अध्यक्ष ममता मोदी का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति की पदाधिकारियों और सदस्यों ने नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष का पुष्पमाला पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया। इसके साथ ही क्षेत्र के विकास और जनसेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए पूर्व पालिकाध्यक्ष अनिता मेवाड़ा एवं पार्षद निधि शर्मा का भी मातृशक्ति द्वारा माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वक्ता ओं ने सामाजिक समरसता और महिला सशक्तीकरण पर अपने विचार व्यक्त करते हुए नगर के चौमुखी विकास की कामना की। समारोह में विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति की संयोजिका इंदुबाला सुखवाल, सह-संयोजिका चंद्रकांता शर्मा, प्रियंका शर्मा, बाल संस्कार मंत्री मोहिनी शर्मा, सत्संग प्रभारी विमला शर्मा, रिंकू सेन, सुनीता शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य ज्योति तिवारी, मीना शर्मा, हेमलता शर्मा एवं सुशीला वर्मा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति की महिला सदस्य और स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।



भामसं ने मनाई दत्तोपंत ठेंगड़ी की पुण्यतिथि



शाहपुरा। भारतीय मजदूर संघ द्वारा संस्थापकों में अग्रणी स्वर्गीय दत्तोपंत ठेंगड़ी का स्मृति दिवस सामाजिक समरसता के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ठेंगड़ी जी ने जाति-पाति और ऊंच-नीच के भेदभाव से दूर रहकर हमेशा सभी समुदायों के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर कार्य किया। 10 नवंबर 1920 को वर्धा, महाराष्ट्र में जन्मे ठेंगड़ी जी ने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने के साथ भारतीय मजदूर संघ (1955), भारतीय किसान संघ (1979) और स्वदेशी जागरण मंच (1991) जैसे बड़े संगठनों की स्थापना की। वे राज्यसभा सांसद भी रहे और राष्ट्रहित के प्रति अपनी निष्ठा के कारण वर्ष 2003 में पद्म भूषण पुरस्कार अस्वीकार कर दिया था। 14 अक्टूबर 2004 को उनका देहांत हुआ था। इस अवसर पर इंदिरा गुर्जर, प्रियंका धाकड़, नेहा भट्ट और उर्मिला सेन सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समन्वय रिवर व्यू कॉलोनी में सजा माता रानी का दरबार, महिलाओं ने दी गरबा नृत्य की प्रस्तुतियां



भीलवाड़ा। सरस डेयरी के निकट स्थित समन्वय रिवर व्यू कॉलोनी में शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर माता रानी का भव्य दरबार सजाया गया है। राजेंद्र श्रोत्रिय एवं ललित गुर्जर के मार्गनिर्देशन में कॉलोनी की महिलाओं द्वारा यहाँ प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्य में के साथ मनमोहक गरबा नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी जा रही हैं। कार्य म का शुभारंभ नियमित रूप से माता रानी की आरती और सामूहिक भजन-कीर्तन के साथ किया जाता है, जिससे पूरा माहौल भक्ति मय बना हुआ है। ममता राठौड़ और मेनका गुर्जर के नेतृत्व में आयोजित इन आयोजनों में मधु भट्ट, भगवती, सुमन शर्मा, सीमा वैष्णव, अंजना माथुर, महिमा शर्मा, मंजू सुवालका, निर्मला शर्मा, एकता शर्मा, अदिति, मालती जैन, ज्योति, दीपा, नेहा पालीवाल, संजू गुर्जर, रेखा सोमानी और आयुषी जैन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उत्साहपूर्वक गरबा प्रस्तुत कर रही हैं। गरबा व सांस्कृतिक आयोजनों के साथ-साथ बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विजयी रहने वाले बच्चों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जा रहा है। इस धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठान से पूरी कॉलोनी में उत्सव का सा माहौल है ।

नाम परिवर्तन

मेरा पूर्व में नाम विष्णु वर्मा था जिसे मैंने बदलकर **नया नाम विष्णु सिंह सिसोदिया** रख लिया है। भविष्य में मुझे **विष्णु सिंह सिसोदिया** से जाना-पहचाना जावे। नाम परिवर्तन के लिए मेरे द्वारा राजस्थान राजपत्र में **दिनांक 01.01.2026** को सूचना प्रकाशित करा दी गई है।

विष्णु सिंह सिसोदिया
कोटड़ी, पो-दरीबा, भीलवाड़ा
मो. नं. - 9829923690

खोया-पाया (सूचना)

हर खास आम को सूचित किया जाता है कि ताराशंकर जोशी पुत्र श्री लाभशंकर जी जोशी निवासी नई नगरी मांडल का एक काले रंग का बैग जो कि नई नगरी से बस स्टेण्ड के मध्य में कहीं गुम हो गया है। जिसमें मेरे मुख्य दस्तावेज गिर गए है। जिसमें कि - कार्यालय ग्राम पंचायत मांडल पं.स. मांडल जिला भीलवाड़ा आबादी भूमि का एक पट्टा सनद पट्टा क्रमांक 10 दिनांक 20.04.2002 का जारी किया था जो कि गुम हो गया है। जिस किसी को मिले उसे मेरे निम्न पते पर पहुंचाने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा।

ताराशंकर जोशी पुत्र श्री लाभशंकर जी जोशी
मोबाइल नं. 94131-20840
निवासी नई नगरी, मांडल जिला भीलवाड़ा

नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक/भूखण्ड प्रथम / 2026/mut 3938 दिनांक-

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा श्री भंवरलाल शर्मा पुत्र श्री छोगालाल शर्मा को न्यास की योजना बापूनगर में भूखण्ड संख्या आई-98 साईज 112.84 वर्गगज दिनांक 22.04.2004 को नामातंरण किया गया है।

इस कार्यालय को प्रस्तुत दस्तावेज अनुसार श्री भंवरलाल शर्मा पुत्र श्री छोगालाल शर्मा की मृत्यु दिनांक 11.09.2006 को हो जाने से मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र वारीसान रिर्पोट एवं रिलीज डीड के आधार पर श्री श्याम सुन्दर शर्मा पुत्र स्व श्री भंवरलाल शर्मा के पक्ष में कर दिया गया एवं इनके द्वारा उक्त भूखण्ड के नामातंरण/पंजियन बाबत आवेदन पत्र कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपनी उजरदारी मय सबूत/ दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने आगामी कार्यवाही संपादित की जावेगी।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

दूरभाष सं. 0141-2742548

राजस्थान सरकार

निदेशालय मत्स्य विभाग, पशुधन भवन, टोंक रोड, जयपुर

क्रमांकः एफ.2 (4) विप्र/लेखा/ठेका/2026-27/8594 दिनांक-6/10/2026

जलाशयों में मत्स्याखेट अनुज्ञा हेतु संशोधित ई-नीलामी बोली सूचना 05

मत्स्य विभाग के अधीन राज्य में स्थित विभिन्न श्रेणी के जलाशयों में वर्ष 2026-27 से 5 वर्ष के लिये मत्स्याखेट के अधिकार आंवटन हेतु इच्छुक पंजीकृत बोलीदाताओं से ई-नीलामी बोलियां दिनांक 23.09. 2026 से दिनांक 07.10.2026 को सायं 2:00 बजे तक आमंत्रित की गयी। उक्त ई-नीलामी बोली सूचना में संशोधन करते हुए बोली प्रपत्र, प्रक्रिया शुल्क तथा अमानत राशि जमा कराने तथा हस्ताक्षरित साराश बोली दस्तावेज rjfisheries.neml.in पोर्टल पर अपलोड की अंतिम तिथि दिनांक 06.10.2026 के स्थान पर 14.10.2026 को सायं 5:00 बजे तक निर्धारित की जाती है तथा पूर्व निर्धारित Online Live Auction दिनांक 07.10.2026 के स्थान पर दिनांक 15.10.2026 प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक किया जाएगा। पूर्व में जारी ई-नीलामी बोली सूचना 05 की विस्तृत सूचना एवं शर्तें यथावत् रहेंगी जो www.fisheries.rajasthan.gov.in तथा rjfisheries.neml.in पर learning awareness में देखी जा सकती हैं।

संघिता विश्नोई
आईएएस, निदेशक

DIPR/C/17740/2026

नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक/ भूखण्ड प्रथम / 2026 / Mut No-4595 दिनांकः-

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा श्री सत्यनारायण पुत्र श्री गौरी शंकर विश्नोई को न्यास की योजना पटेलनगर विस्तार में भूखण्ड संख्या 4-एम-13 साईज 18x45=90 वर्गगज दिनांक 22.06.2020 को आवंटन/अवार्ड/निलामी द्वारा विक्रय किया गया है।

इस कार्यालय को प्रस्तुत विक्रय चैनल अनुसार श्री सत्यनारायण पुत्र श्री गौरी शंकर विश्नोई जरिये मुआम श्री हितश पुत्र श्री महावीर सिंघवी रजिस्टर्ड मुआम दिनांक 27.09.2021 से पंजीयन है इनके द्वारा श्रीमती अंकिता उपाध्याय पत्नी श्री बंसत व्यास को विक्रय कर दिया गया एवं इनके उक्त भूखण्ड के नामातंरण/पंजियन बाबत आवेदन पत्र कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपनी उजरदारी मय सबूत/ दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने आगामी कार्यवाही संपादित की जावेगी।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

कार्यालय नगर निगम, भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक/न.नि.भी./ राजस्व/2026/59 दिनांक 13/10/2026

:- आम सूचना -:

श्री सोहन लाल पुत्र श्री हबसीराम एवं श्री सत्यानारायण सोमानी पुत्र श्री सोहन लाल को नगर परिषद् भीलवाड़ा द्वारा इन्द्रा मार्केट योजना भीलवाड़ा में स्थित व्यावसायिक भूखण्ड सं. 69-क साईज 15'x30' = 50.00 वर्गगज का 99 वर्षीय लीज होल्ड राईटस् पर दिया गया था। श्री सोहन लाल पुत्र श्री हबसीराम की मृत्यु दिनांक 23.12.2021 को हो जाने से इनके विधिक वारिसान श्रीमती गीता देवी पुत्री श्री सोहन लाल ने अपना हिस्सा श्री सत्यनारायण सोमानी, श्री सुरेश चन्द्र सोमानी, श्री राधेश्याम सोमानी, श्री कृष्ण गोपाल सोमानी पुत्रगण श्री सोहनलाल सोमानी के पक्ष में पंजीकृत हक परित्याग किया गया। LSG/BHILWARA/MUT/2025-26/212216 से ऑनलाईन आवेदन किया गया।

श्री सत्यनारायण सोमानी, श्री सुरेश चन्द्र सोमानी, श्री राधेश्याम सोमानी, श्री कृष्ण गोपाल सोमानी पुत्रगण श्री सोहनलाल सोमानी ने निगम् में ऑनलाईन आवेदन के साथ शपथ-पत्र, पंजीकृत रिलीज डीड व मृत्यु प्रमाण-पत्र फोटो प्रति अपलोड कर उपरोक्त भूखण्ड का नामान्तरण हेतु निवेदन किया है। जिस पर स्वायत्त शासन विभाग की अधिसुचना क्रमांकः प. 8 (ग) (1) नियम / डी.एल.बी./20/39126 दिनांक 15/01/2020 के अनुसार भुखण्ड का नामान्तरण किया जाना है।

अतः समस्त खास आम को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत रिलीज डीड व मृत्यु प्रमाण-पत्र के आधार पर श्री सत्यनारायण सोमानी, श्री सुरेश चन्द्र सोमानी, श्री राधेश्याम सोमानी, श्री कृष्ण गोपाल सोमानी पुत्रगण श्री सोहनलाल सोमानी के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस के भीतर इस कार्यालय में लिखित प्रमाणित दस्तावेजो के साथ प्रस्तुत करें। समय अवधि के बाद नामान्तरण की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी।

प्रभारी अधिकारी (राजस्व)
नगर निगम, भीलवाड़ा

न्यूज इन बाक्स

यूनेस्को आयोजित करेगा जापान की 'एनिकी पेंटिग प्रतियोगिता

भीलवाड़ा । स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान व जिला यूनेस्को एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में नेशनल फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन फोर जापान के सहयोग से जापान की 'एनिकी पेंटिग प्रतियोगिता' का आयोजन भीलवाड़ा जिले की कई स्कूलों में किया जायेगा। प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने बताया कि एनिकी पेंटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की रचनात्मकता को अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करने की भीलवाड़ा में यूनेस्को द्वारा पहल की जा रही है। विद्यार्थियों को अपनी कल्पनाशीलता, कलात्मक प्रतिभा और विचारों को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। जिला यूनेस्को की प्रवक्ता मधु लोढ़ा ने बताया कि भीलवाड़ा शहर सहित जिले की कई स्कूलों में इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए छात्र-छात्राओं को निःशुल्क ड्राईंगशीट, कलर बोक्स व बेनर सहित अन्य स्टेशनरी निःशुल्क उपलब्ध करवाई जायेगी। विजेताओं को मोमेंटो दिए जाएंगे। राजस्थान से 5 विजेता विद्यार्थियों को जापान जाने का भी अवसर प्रदान होगा।

रामस्नेही संत अर्जुन रामजी का अभिनंदन



भीलवाड़ा । सीताराम जी की बावड़ी में श्री रामचरित्र मानस नवाहन पारायण का पाठ कर रहे ब्यावर से पधारे परम पूज्य रामस्नेही संत अर्जुनराम की महाराज का व्यास पीठ पर वनवासी कल्याण परिषद के कैलाश नंदावत ,भागचंद बाहेती,कैलाश सोनी,गणेश काबरा, मंजू बाला काबरा ने भगवा शाल पहनाकर दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया साथ ही राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करने वाली वनवासी कल्याण परिषद के बारे में जानकारी दी साथ ही वनवासी क्षेत्र की महिलाओं द्वारा हस्त निर्मित बैग भेंट किया

युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कॉलेज में कार्यशाला आयोजित



भीलवाड़ा । लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और नए मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय, भीलवाड़ा में निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया समझाई गई और उन्हें मतदान के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर बी.एल. जागेटिया के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को वोटर हेल्पलाइन एप, ईसीआई नेट और फॉर्म नंबर-6 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से पंजीयन भी करवाया गया, ताकि पात्र युवा मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने की प्रक्रिया से परिचित हो सकें। महाविद्यालय निर्वाचन साक्षरता क्लब की नोडल अधिकारी डॉ. रजनी गगवानी, सह-नोडल अधिकारी एवं सहायक आचार्य सांवर मल व्यास, रविंद्र सिंह राव तथा पंकज कुमार मीणा ने विद्यार्थियों को अपने आसपास के क्षेत्र में भी मतदाता जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया।

राजस्थान जैन सभा की जिला कार्यकारिणी घोषित







भीलवाड़ा । राजस्थान जैन सभा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाषचन्द्र जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद वेद के निर्देशानुसार राजस्थान जैन सभा जिला इकाई भीलवाड़ा की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। जिला अध्यक्ष भागचन्द पाटनी ने बताया कि संरक्षक मंडल में प्रकाशचंद छाबड़ा, निर्मल कुमार जैन (सेवानिवृत्त आईएएस), जय कुमार कोठारी, राकेश पाटनी, पदम काला एवं राजेंद्र कुमार जैन शामिल किए गए। महामंत्री पवन कुमार अजमेरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जैन, उपाध्यक्षप्रदीप कासलीवाल, मंत्री निर्मल कुमार सरावगी, संयुक्त मंत्री रजनीश पाटनी, कोषाध्यक्ष टीकम छाबड़ा तथा मीडिया प्रभारी अशोक जैन (बाकलीवाल) एवं उत्तम जैन (पाण्डिया) को बनाया गया। सहवृत्त सदस्यों में सुरेश जैन (गदिया), राकेश झांझरी, मंजू पाटोदी, कल्पना झांझरी, कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार पाटनी (एडवोकेट), भागचंद शाह, राजेश सोनी, पदम लाल सरावगी, विनोद गोधा, कमलेश कुमार जैन, निर्मल कुमार जैन, रविन्द्र मित्तल, चन्द्रेश जैन, आनंद बड़जात्या, महावीर वेद, मुकेश पाटोदी, पंकज बड़जात्या एवं तरुण जैन को शामिल किया गया है।

-: PUBLIC NOTICE:-

DISTRICT COURT, OPP-TAGOR BAUG, SURENDRANAGAR-363001, Gujarat State
Before Motor Accident Clalm Tribunal Maln.

Exe. No.- .....
M.A.C.P.No:- 22/2026
(M.A.C.P.No. 23/2026 to 27/2026)
Applicant's Advocate Mr. C.H.Bhatt

APPLICANTS :-
ASHOK DHIRAJLAL THAKKAR (IN M.A.C.P.NO.22/2026, Claim Rs. 15,00,000/-), Res. At. NEAR CHARAMALIYA TEMPLE, KALPANA PARK, DHRANGADHRA, TAL.DHRANGADHRA, DIST. SURENDRANAGAR.
HALANI PINABEN ASHOKKUMAR (IN M.A.C.P.NO. 23/2026, Claim Rs. 15,00,000/-), Res.At. NEAR CHARAMALIYA TEMPLE, KALPANA PARK, DHRANGADHRA, TAL.DHRANGADHRA, DIST.SURENDRANAGAR.
MUNESHBHAI KIRITBHAI PUJARA (IN M.A.C.P.NO. 24/2026, Claim Rs. 10,00,000/-), Res.At. E/1001, OPP.SAFAL PRIVESH, VIRAJ VIHAR-8, PRAHALADNAGAR, AT.AHMEDABAD.
PRATIMABEN MUNESHBHAI PUJARA (IN M.A.C.P.NO. 25/2026, Claim Rs. 15,00,000/-), Res.At. E/1001, OPP.SAFAL PRIVESH, VIRAJ VIHAR-8, PRAHALADNAGAR, AT.AHMEDABAD.
GANDHI HINABEN KETANKUMAR (IN M.A.C.P.NO. 26/2026, Claim Rs. 10,00,000/-), Res.At.JIN PLOT, OPP.DR.HOUSE, DHRANGADHRA, TAL.DHRANGADHRA, DIST.SURENDRANAGAR.
GANDHI KETANKUMAR @ KETANBHAI HIMMATBHAI (IN M.A.C.P.NO.27/2026, Claim Rs.1,00,000/-), Res.At.JIN PLOT, OPP.DR.HOUSE, DHRANGADHRA, TAL. DHRANGADHRA, DIST.SURENDRANAGAR.

v/s

ASHOK LEYLAND TRUCK NO.R.J.06.G.C.9083:-
(1) DRIVER:- AASHARAM KAILAS JAAT C/o BABULAL RUPALAL DHAKAD, RES.AT. INDOKIYA, BAAVDI, BHILVADA, RAJASTHAN, PIN NO.311404.
(2) OWNER:- BABULAL RUPALAL DHAKAD C/o PROPERIETOR VIRTEJA ROAD LINES, RES.AT. INDOKIYA, BAAVDI, BHILVADA, RAJASTHAN, PIN NO.311404.
ASHOK LEYLAND TRUCK NO.R.J.06.G.D.9357:-
(4) DRIVER:- SHIVRAJ D.MEENA C/o BALAJI TRANSWAYS, SHOP NO.3, SANVARIYA MARKET, JINDAL ROAD, SAMODI, BHILVADA, RAJASTHAN, PIN NO. 311802.
(5) OWNER:- BALAJI TRANSWAYS PROPERIETOR REKHA DAROGA, AT. SHOP NO. 3, SANVARIYA MARKET, JINDAL ROAD, SAMODI, BHILVADA, RAJASTHAN, PIN NO. 311802.

Fixed Date: 20/11/2026.

The aforesaid opponents are hereby informed that the above said applicants have filed these cases against you, under Sec. 166 of Motor Vehicle Act for recovery of compensation. You are therefore hereby informed to remain present in person in this Tribunal on 20/11/2026 at 11-00 A.M. For filing your reply of the claim cases. You are also hereby informed to remain present on this date with all your written document upon which you rely.

You are hereby notified by this notice that if you will not remain present on the aforesaid date, the matter will be heard and decided in your absence.

You are hereby also given this notice that on the above said fixed date or before it, if you will fail to furnish your address, no attention will be given on your defense, which may please note.

Given under my hand and Seal of the Tribunal, on this Day of 10 Month October 2026.

Prepared By	Checked By	By Order,
(J.B.DODIYA)	(B.J.DAVE)	(D.C.GOSALIYA)
Suprintendent M.A.C.T.(Main), District Surendranagar. (Gujarat)	Head Clerk, M.A.C.T.(Main), District Surendranagar. (Gujarat)	Deputy Registrar, M.A.C.T.(Main), District Surendranagar. (Gujarat)

सुरक्षित स्थान, जहाँ सपनों को पंख मिलते हैं ... 41 स्कूलों में कानूनी अधिकार

विधिक जागरूकता शिविर में जजों ने दी विभिन्न कानूनों की जानकारियां

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भीलवाड़ा अध्यक्ष अभय जैन के निर्देशन में ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूसडे अभियान के अंतर्गत भीलवाड़ा न्याय क्षेत्र के लगभग 41 सरकारी तथा निजी विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। न्यायिक अधिकारियों ने 'सुरक्षित स्थान, जहाँ सपनों को पंख मिलते हैं' विषय पर बच्चों को स्कूल में उनकी सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

बच्चों और शिक्षकों को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम तहत निर्धारित मानकों से अवगत कराया। बच्चों को बताया गया कि हर मौसम में सुरक्षित रहने वाला स्कूल भवन, स्वच्छ पेयजल, लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय, तथा सुरक्षित खेल का मैदान प्राप्त करना उनका कानूनी अधिकार है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत भी सुरक्षित शिक्षा का वातावरण सुनिश्चित किया गया है। बच्चों को स्पष्ट रूप से समझाया गया कि यदि विद्यालय की छत में दरारें हों, प्लास्टर गिर रहा हो, बिजली के तार खुले हों या खेल का मैदान असुरक्षित हो, तो उन्हें तुरंत अपने शिक्षकों, माता-पिता या विद्यालय प्रबंधन समिति को सूचित करना चाहिए। किसी भी आपात स्थिति या दुर्घटना के समय बच्चे बिना डरे सीधे चाइल्डलाइन हेल्पलाइन 1098, 15100 नालसा हेल्प लाईन पर कॉल कर सकते हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रश्मि आर्य ने बताया कि जिला मुख्यालय तथा तालुका स्तर पर प्रत्येक न्यायिक अधिकारी द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूसडे अभियान के अंतर्गत भीलवाड़ा न्याय क्षेत्र के पूरे जिले में प्रथम तथा तृतीय मंगलवार को प्रतिमाह अलग-अलग विषयों पर नियमित रूप से शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला मुख्यालय पर पवन कुमार सिंघल न्यायाधीश एसीडी कोर्ट, महेन्द्र कुमार ढाबी न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय सं.1, बृजेश पंवार न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय सं. 2, नवीन चैधरी न्यायाधीश एमएसीटी कोर्ट सं. 1, रेखा वाधवा न्यायाधीश पोक्सो न्यायालय सं. 1, मीना अग्रवाल न्यायाधीश, वाणिज्य न्यायालय, नगेन्द्र सिंह न्यायाधीश अपर जिला न्यायाधीश सं. 2, पवन काला न्यायाधीश अपर जिला न्यायाधीश सं. 3, रिचा चैधरी न्यायाधीश म.उ.प्र., निलेश सिंह चैधरी, न्यायाधीश (अजा-जजा प्रकरण), देवांगिनी औदिच्य मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भीलवाड़ा आदि न्यायिक अधिकारी द्वारा विभिन्न विद्यालयों में पहुँचकर विधिक साक्षरता शिविरों का सफल आयोजन किया गया।

महापौर ने प्राचीन हनुमान मंदिर में टेका मत्था



भीलवाड़ा। नव निर्वाचित महापौर जसवंत कंवर ने हीरापुरी उस्ताद की बगीची में मत्था टेका व शहर में अमन और खुशहाली की कामना की। महापौर जसवंत कंवर ने मेवाड़ के गुरु हनुमान हीरापुरी उस्ताद की समाधि पर भी शीश नवाया। बगीची में आयोजित भाजपा, कांग्रेस व निर्दलीय पार्षदों का सम्मान किया गया। पार्षदों को मेवाड़ी पगड़ी और उपरना ओढ़ा कर उनका अभिनंदन किया गया। इस मौके पर महापौर जसवंत कंवर ने कहा कि आज हीरा पुरी उस्ताद की बगीची में महाबली सरकार के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। जंहा काफी सकारात्मक ऊर्जा मिली। उन्होंने कहा कि इस आनंद धाम बगीची में सभी समाजजनों से मिलने का अवसर मिला। इस मौके पर उस्ताद रामपुरी गोस्वामी, पहलवान महेश पुरी, भाजपा नेता अनिल पुरी, चंदन पुरी, मनीष भदादा, नवीन नराणीवाल ने महापौर व पार्षदों का अभिनंदन किया। कार्य म के दौरान पार्षद रमेश खोईवाल, राजेंद्र जैन, बनवारीलाल शर्मा, शंकर जाट, संपत महाकाल, दीपक पुरोहित, पूर्णिमा जैन, भगत सेन, अनिल डीडवानिया, मुकेश शर्मा, छगनलाल माली का स्वागत किया गया।

सेवा भारती के तत्वावधान में नवरात्रि पर सूर्य मंदिर में हुआ 101 कन्याओं का किया पूजन



लोकजीवन न्यूज सर्विस, बिजयनगर

नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर सेवा भारती समिति के तत्वावधान में सूर्य मंदिर परिसर में भव्य धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 101 कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर 601 कन्याओं के सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पालिकाध्यक्ष ममता मोदी और भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित मोदी के मुख्य आतिथ्य में कन्याओं के पूजन के साथ हुई। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता बाड़ी माताजी तीर्थ धाम की मुख्य सेविका कृष्णा टाक ने श्रीमद्भागवत गीता का हवाला देते हुए भारतीय संस्कृति में कन्याओं केार महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज समाज की मानसिकता में सकारात्मक बदलाव आया है और बेटियों के जन्म पर अब परिवार में जश्न का माहौल होता है। उन्होंने कहा कि बेटी का जन्म घर में देवी के आगमन के समान है। सेवा भारती के प्रांतीय प्रशिक्षण प्रमुख विकास पाराशर ने इस प्रकल्प को किशोरियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक अहम पहल बताया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने देवी स्वरूप कन्याओं का पूजन कर महाआरती की और नारी शक्ति के प्रति सम्मान और सेवा भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य लाभार्थी सिद्धार्थ बघेरवाल रहे। आयोजन को सफल बनाने में सेवा भारती समिति के जिला अध्यक्ष सूर्य प्रकाश बघेरवाल, खंड अध्यक्ष लक्ष्मण लाल शर्मा, कोषाध्यक्ष एल.एन. शर्मा, बालमुकुंद कोगटा सहित कई प्रबुद्ध नागरिकों और भामाशाहों का विशेष योगदान रहा। अंत में खंड अध्यक्ष लक्ष्मण लाल शर्मा ने सभी सहयोगियों और आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

महिला कानूनों के दुरुपयोग पर रोक लगे, पुरुष आयोग बने

आईएमसीसी ने सीजे को भेजा ज्ञान

भीलवाड़ा । अंतर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब (आईएमसीसी) भीलवाड़ा जिला शाखा ने चण्डीगढ़ से देश में चलाए जा रहे आन्दोलन भारतीय परिवार बचाओ आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। आईएमसीसी ने महिला सुरक्षा कानूनों के बढ़ते दुरुपयोग पर अंकुश लगाने और निर्दोष पुरुषों व उनके परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की है। संस्था ने इस संबंध में भारत के मुख्य न्यायाधीश को जिला एवं सत्र न्यायाधीश के माध्यम से ज्ञापन भेजा है।

प्राक् लोक मंथन कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

लोक मंथन यात्रा के निमित्त 17 अक्टूबर को आयोजित होने वाले प्राक् लोक मंथन कार्यक्रम की तैयारी बैठक माणिक्य लाल वर्मा महाविद्यालय में हुई।

लोक मंथन आयोजन समिति के समन्वयक योगेश पारीक ने बताया कि लोक मंथन यात्रा 17 अक्टूबर को चित्तौड़ से भीलवाड़ा जिले में प्रवेश करेगी। यात्रा का स्वागत प्रातः 9:15 बजे बाबा साहेब अंबेडकर सर्कल, रेलवे स्टेशन रोड (अंबेडकर स्कूल) पर विभिन्न संगठनों द्वारा किया जाएगा।

स्वागत के पश्चात 9:15 से 10 बजे तक यात्रा रैली (दुपहिया वाहन) के रूप में मुख्य मार्गों से होते हुए कॉलेज पहुंचेगी। इस रैली का दायित्व सुरेश बड़वा देखेंगे। महाविद्यालय परिसर में प्रातः 10 से 10:15 बजे क्रीड़ा भारती द्वारा परम्परागत खेलों की प्रतियोगिता (खेल मैदान, प्रातः 10:15 से 11 बजे तक संस्कार भारती द्वारा ग्रामीण लोक जीवन प्रस्तुति, प्रातः 11 से 11:30 बजे तक लोक परंपरा व विरासत को दर्शाने वाली प्रदर्शनियों का अवलोकन - जिसमें लोक बर्तन, लोक व्यंजन, लोक चित्रकला शैली के माध्यम से ग्राम्य जीवन का प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रातः 11:30 से दोपहर 1 बजे तक मुख्य मंचीय कार्यक्रम विवेकानंद सभागार में आयोजित होगा, जिसमें सामूहिक वंदे मातरम्, अतिथि सम्मान, महिला समन्वय समिति द्वारा स्वागत नृत्य, लोक मंथन विषय परिचय (डॉ. संत नारायण), संस्कृत भारती द्वारा संस्कृत नाटिका एवं साहित्य परिषद द्वारा लोक काव्य प्रस्तुति दी जाएगी।

समानांतर सत्रों में दोपहर 12 से 1 बजे तक लोकगीत प्रदर्शन, महिला संगोष्ठी तथा दोपहर 1 से 2 बजे तक अधिवक्ता परिषद द्वारा हम भारत के लोग विषय पर संविधान संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। बैठक में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, विज्ञान भारती, संस्कृत भारती, संस्कार भारती, क्रीड़ा भारती, विद्या भारती, अधिवक्ता परिषद सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पद्मश्री तारापद रजक की छऊ की शानदार प्रस्तुति से दर्शक मंत्रमुग्ध

दुर्गा के नौ स्वरूपों की जीवंत प्रस्तुति एवं कार्तिकेय का मयूर नृत्य



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

स्पिक मैके एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित विरासत-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत 13 अक्टूबर 2026 को विश्वप्रसिद्ध छऊ कलाकार पद्मश्री तारापद रजक की विशेष प्रस्तुति आयोजित की गई। दुर्गा के नौ स्वरूपों की जीवंत प्रस्तुति एवं भगवान कार्तिकेय के मयूर नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

शुभारंभ विवेकानंद केंद्र विद्यालय प्रधानाचार्या आशा भाटिया एवं आमंत्रित कलाकारों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। पारंपरिक लोककला और भारतीय सांस्कृतिक विरासत की मनमोहक झलक देखने को मिली। स्पीक मैके भीलवाडा की कॉर्डिनेटर अनु प्रजापत ने बताया कि पश्चिम बंगाल के पारंपरिक छऊ नृत्य शैली पर आधारित इस प्रस्तुति में सुंदर एवं भव्य मुखौटों, आकर्षक वेशभूषा और सुसज्जित मंच के माध्यम से भारतीय पौराणिक कथाओं को जीवंत किया गया। कलाकारों ने गणेश, कार्तिकेय, शिव-पार्वती तथा अन्य देवी-देवताओं के स्वरूपों का प्रभावशाली चित्रण किया। प्रस्तुति में माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों के माध्यम से जीवन में व्याप्त बुराइयों पर विजय, अज्ञान एवं अंधकार के राक्षस मधुकेटकम, चिक्षुर, धूमलोचन, ताड़कासुर, रक्तबीज, निशुंभ, शुंभ, महिषासुर के अंत तथा शक्ति और सद्भाव का संदेश दिया गया। कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट नृत्यकला, भाव-भंगिमाओं और पारंपरिक शैली से दर्शकों को भारतीय लोकसंस्कृति की समृद्ध परंपरा से परिचित कराया।

कार्यक्रम में माँ दुर्गा के लयबद्ध नृत्य और मयूर नृत्य की विशेष प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

आनंदधाम में शरद रास महोत्सव 24 और 25 को, तैयारियां शुरू

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शहर के पुष्टिमार्गीय श्री आनंद धाम हवेली मंदिर में इस वर्ष शरद रास महोत्सव का आयोजन 24 व 25 अक्टूबर को हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। शरद रास महोत्सव से पूर्व 20 अक्टूबर को दशहरा पर ठाकुर जी को भोग आरती के समय ज्वारे धराए जाएंगे, जिसकी तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई हैं।

मंदिर ट्रस्टी सुमन राजेंद्र कुमार बाहेती ने बताया कि शरद रास महोत्सव के उपलक्ष्य में 24 एवं 25 अक्टूबर को प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रभू श्रीनाथजी, श्री द्वारकाधीश व लालन जी के सम्मुख महारास, डांडिया और गरबा का आयोजन होगा। उत्सव के दूसरे दिन यानी 25 अक्टूबर को हवेली के मुख्य कमल चौक में भक्तों द्वारा पारंपरिक भव्य महारास किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न श्रेणियों में नृत्य कला, सुंदर वेशभूषा (बेस्ट कॉस्ट्यूम), कपल डांस, ग्रुप डांस (पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर सामूहिक ग्रुप प्रतियोगिता) प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रत्येक दिन 15 लकी ड्रा भी निकाले जाएंगे। जो भी श्रद्धालु या प्रतिभागी नृत्य एवं अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहते हैं, उन्हें अपना नाम पहले पंजीकृत करवाना होगा। महोत्सव में शामिल होने के लिए प्रवेश पास अनिवार्य किया गया है।

भीलवाड़ा की खजीना, सांकड़ा और सांगरिया की टीमें बनीं चैंपियन

अजमेर संभाग स्तरीय छात्रा खेल प्रतियोगिता संपन्न

लोकजीवन न्यूज सर्विस, बिजयनगर



राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, शास्त्री कॉलोनी के तत्वावधान में बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित छह दिवसीय अजमेर संभाग स्तरीय छात्रा क्रीड़ा प्रतियोगिता का शानदार समापन हुआ। प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए भीलवाड़ा जिले की टीमों का दबदबा रहा। खजीना की टीम ने वरिष्ठ वर्ग में, सांकड़ा की टीम ने कनिष्ठ वर्ग में तथा एथलेटिक्स खेलों में सांगरिया और सांकड़ा की टीमों ने चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष ममता मोदी, अति विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित मोदी एवं संभागीय उप निरीक्षक (संस्कृत शिक्षा परिषद) के अध्यक्ष लेखराज जाट ने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व पालिकाध्यक्ष अनिता मेवाड़ा, भामाशाह बालमुकुंद कोगटा, पालिका पार्षद सहित कई गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के खेल परिणामों में वॉलीबॉल वरिष्ठ वर्ग में भीलवाड़ा की खजीना और कनिष्ठ वर्ग में नागौर की भगवानपुरा टीम विजेता रही। वहीं बैडमिंटन वरिष्ठ वर्ग में भीलवाड़ा की खजीना तथा कनिष्ठ वर्ग में नागौर की मोगास टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूरी प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक गोविंद कलवार के नेतृत्व में कन्हैयालाल व्यास, कांता चौधरी, संपत जाट, अशोक कुमार जोशी, लोकेश व्यास और परमेश्वर कुमावत के निर्णायक मंडल ने निष्पक्ष भूमिका निभाई। अंत में संस्कृत विद्यालय की प्रधानाचार्य उषा खत्रा ने सभी भामाशाहों, सामाजिक संगठनों, सहयोगी संस्थाओं और शिक्षाकर्मियों का आभार व्यक्त किया।

श्री नामदेव छीपा समाज का झंकार-10 गरबा महोत्सव 15 व 16 को

भीलवाड़ा। श्री नामदेव छीपा समाज की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य गरबा महोत्सव झंकार-10 का आयोजन 15 और 16 अक्टूबर को आजाद नगर स्थित नामदेव भवन में किया जाएगा। दो दिवसीय इस सांस्कृतिक आयोजन को लेकर समाजजन में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रांतीय महासभा एवं मेवाड़ महासभा के अध्यक्ष तथा भीलवाड़ा नगर निगम पार्षद नीरज मोनू अंछारा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष का झंकार-10 गरबा महोत्सव कई नई व्यवस्थाओं और आकर्षक बदलावों के साथ आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का संयोजन जिला युवा इकाई एवं महिला मंडल के संयुक्त तत्त्वावधान में किया जा रहा है, जिसकी तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। आयोजन को सुचारू और अनुशासित ढंग से संपन्न कराने के लिए समाज की मातृशक्ति और युवा पूरी ऊर्जा के साथ जुटे हुए हैं। महिला मंडल अध्यक्ष सुमित्रा जाजपुरा के नेतृत्व में महिलाएँ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे रही हैं, वहीं युवा इकाई अध्यक्ष रवि बगेरवाल के मार्गदर्शन में समाज के युवा कार्यकर्ता पंडाल, सुरक्षा और अन्य तैयारियों को संभाल रहे हैं। आम मेवाड़ महासभा भीलवाड़ा के महामंत्री सतीश सरावगी ने बताया कि यह गरबा महोत्सव समाज की एकता, सांस्कृतिक धरोहर और नवऊर्जा का प्रतीक है।

कोठारी नदी को कराये प्रदूषण और अतिक्रमण से मुक्त - जाजू

भीलवाड़ा। जिले में कोठारी नदी को उसके मूल स्वरूप में लौटाने और पर्यावरणीय सौंदर्य बहाल करने की मांग को लेकर पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने जिला कलक्टर एवं नगर विकास न्यास अध्यक्ष जसमीत सिंह संधु को एक और ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निर्देशों की पालना सुनिश्चित करते हुए नदी को अति मण और प्रदूषण मुक्त बनाने की पुरजोर मांग की है। जाजू ने जिला प्रशासन को अवगत कराया कि जोधड़ास चौराहे से सांगानेर तक नदी क्षेत्र में शहर का कचरा, मलबा और विभिन्न कॉलोनियों का लाखों लीटर सीवरेज का गंदा पानी प्रतिदिन मिल रहा है। इसके चलते नदी का पारिस्थितिकी तंत्र पूरी तरह चरमरा गया है और यहां आने वाले देशी-विदेशी पक्षियों का प्रवास भी बंद हो गया है। नदी की बहुमूल्य जमीन पर लगातार अवैध कब्जे बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2015 से वे इस दिशा में निरंतर संघर्षरत हैं। एनजीटी द्वारा पूर्व में दिए गए आदेशों के बावजूद धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही नदी का सीमांकन करवाकर सभी अति मण हटाए जाएं, प्रदूषण पर पूरी तरह रोक लगाई जाए, दोनों किनारों पर दो लाख पौधे रोपकर हरियाली विकसित की जाए तथा प्राकृतिक रिवर फ्रंट का निर्माण किया जाए।

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक / नियमन / म्यूटेशन नं. 4382 दिनांक / / 2026

आम सूचना

एतद द्वारा श्रीमती मीनाक्षी मुन्दड़ा पत्नी श्री राजेश कुमार मुन्दड़ा द्वारा राजस्व ग्राम हरणी कलां की आराजी संख्या 659 गैर योजना में भूखण्ड़ संख्या एच-9 साईज 41+40.9/2x20=90.83 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा जारी किया गया। भूखण्डधारी श्रीमती मीनाक्षी मुन्दड़ा द्वारा उक्त भूखण्ड़ श्रीमती आशा जाट पत्नी श्री भंवर लाल जाट को विक्रय किया गया एवं इनके द्वारा श्री मदन लाल स्वर्णकार पुत्र श्री कन्हैया लाल को विक्रय किया गया।

श्री मदन लाल स्वर्णकार पुत्र श्री कन्हैया लाल के द्वारा उक्त भूखण्ड नामान्तरण हेतु न्यास में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज/आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी (नियमन)
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

वैशाली नाव हादसा : मौत का ऐसा मंजर कि रो पड़ीं डीएम, एक घर से सात बच्चों के शव उठे, दूसरे से पांच

वैशाली। बिहार के वैशाली जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र की रामपुर श्यामचंद पंचायत में मंगलवार रात हुए नाव हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस दर्दनाक घटना के बाद गांव-गांव में मातम पसरा है। भोज खाने के लिए निकले 13 मासूमों की डूबने से मौत हो गई। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक ही गांव से एक साथ कई बच्चों की अर्थियां उठीं। हर तरफ चीख-पुकार मची है और गांव के घरों में चूल्हे तक नहीं जले हैं। वहीं, अस्पताल में मृतक बच्चों के परिजनों का दर्द देखकर जिलाधिकारी वर्षा सिंह भी खुद को संभाल नहीं पाईं। वह परिजनों के गले लगकर रोने लगीं। इस दृश्य को देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं।



एक घर से उठीं सात अर्थियां, दूसरे परिवार के पांच बच्चों की मौत इस हादसे का सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि इसने कई परिवारों को उजाड़ दिया। जानकारी के अनुसार, एक ही घर से सात मासूम बच्चों के शव उठे, जबकि दूसरे घर से पांच बच्चियों की मौत हो गई। तीसरे घर के एक बच्चे की भी जान चली गई। एक साथ इतनी अर्थियां उठने से रामपुर श्यामचंद गांव में मातम छा गया है। जिन घरों में कुछ समय पहले तक खुशियां थीं, वहां अब अपनों को खोने का गम है। पूरे गांव में चीख-पुकार मची हुई है और शोक के कारण घरों में चूल्हे तक नहीं जले हैं। गांव के करीब 20 लोग एक छोटी और जर्जर नाव पर सवार होकर ढाब के उस पार भोज खाने जा रहे थे। नाव जैसे ही बीच ढाब में पहुंची, ओवरलोड होने और जर्जर स्थिति के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। देखते ही देखते नाव पर सवार लोग गहरे पानी में डूबने लगे।

सात बच्चियों के शवों से लिपटकर रो रही थी मां, परिजनों को संभाल नहीं पाईं डीएम

अस्पताल में एक मां अपनी सात बच्चियों के शवों से लिपटकर रो रही थी। अपने बच्चों को खोने के गम में डूबी मां की हालत देखकर जिलाधिकारी वर्षा सिंह भी भावुक हो गईं। वह खुद को रोक नहीं पाईं और मृतक बच्चों के परिजनों के गले लगकर रोने लगीं। डीएम को इस तरह भावुक देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भी भर आईं। हादसे ने न सिर्फ प्रभावित परिवारों, बल्कि पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है। इस दर्दनाक घटना को लेकर ग्रामीणों में अंचल प्रशासन के खिलाफ भारी आ ोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि अंचल प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराई गई नाव जर्जर हालत में थी। इसी वजह से नाव हादसे का शिकार हुई और इतने लोगों की जान चली गई।

टेनिस प्रीमियर लीग ऑक्शन की तैयारी में जुटी राजस्थान रेंजर्स

सानिया मिर्जा और रिंकी हिजिकाटा पर रहेगी नजर

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, जयपुर


पिंक सिटी जयपुर को टेनिस के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान दिलाने के संकल्प के साथ राजस्थान रेंजर्स आगामी किआ टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) सीजन 8 के खिलाड़ियों की नीलामी के लिए पूरी तरह तैयार है।

मुंबई में होने वाले इस ऑक्शन में टीम का मुख्य लक्ष्य एक ऐसा संतुलित और मजबूत स्क्वॉड तैयार करना है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय अनुभव, भारतीय टेनिस की प्रतिष्ठा और राजस्थान की स्थानीय प्रतिभा का अनूठा मेल देखने को मिले। राजस्थान रेंजर्स के स्वामित्व वाले आरएपीएल ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सलीम दीवान के नेतृत्व में टीम इस बार भी अपनी मजबूत दावेदारी पेश करेगी। भारतीय टेनिस की दिग्गज खिलाड़ी सानिया मिर्जा टीम की ब्रांड एंबेसडर के रूप में पहले ही जुड़ चुकी हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया के धुरंधर खिलाड़ी रिंकी हिजिकाटा को मार्की खिलाड़ी के तौर पर शामिल किया गया है।

ऑक्शन को लेकर उत्साह जाहिर करते हुए सलीम दीवान ने स्पष्ट किया कि टीम का उद्देश्य केवल प्रतिस्पर्धा जीतना नहीं, बल्कि जयपुर और पूरे राज्य की युवा प्रतिभाओं को तराशना है ताकि वे बड़े मंच पर देश का नाम रोशन कर सकें। इस रणनीतिक टीम में उनके साथ आरएपीएल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सत्तार दीवान और फिल्म निर्माता एवं वाइस-चेयरमैन जोनू राणा भी पूरी सक्रियता से शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में शुरू हुई टेनिस प्रीमियर लीग ने इस खेल को पारंपरिक दायरे से बाहर निकालकर एक रोमांचक और मनोरंजन-प्रधान प्रारूप दिया है। राजस्थान रेंजर्स ने पिछले सीजनों में लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है और टीम ने सीजन 6 व सीजन 7 में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। किआ टेनिस प्रीमियर लीग सीजन 8 का आयोजन इस वर्ष 8 से 13 दिसंबर तक हैदराबाद के लाल बहादुर (एलबी) स्टेडियम टेनिस कॉम्प्लेक्स में किया जाएगा। यह पहला अवसर होगा जब यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट दक्षिण भारत में आयोजित होगा।

विक्टोरियाज़ सीक्रेट का जयपुर में पहला स्टोर लॉन्च, पेसिफिक मॉल में मिलेगी ब्रांड की पूरी रेंज

जयपुर। दुनिया भर में मशहूर लॉन्जरी, फैशन और ब्यूटी ब्रांड विक्टोरियाज़ सीक्रेट ने जयपुर के मानसरोवर स्थित पेसिफिक मॉल में अपना पहला स्टोर लॉन्च कर राजस्थान के रिटेल बाजार में कदम रख दिया है। अपैरल ग्रुप द्वारा भारत में ब्रांड के विस्तार की दिशा में उठाया गया यह एक बेहद अहम् कदम है। इस नए आउटलेट के खुलने के साथ ही देश भर में विक्टोरियाज़ सीक्रेट के स्टोर्स की कुल संख्या 20 हो गई है, जिनमें पूरी रेंज पेश करने वाले 8 मुख्य स्टोर्स शामिल हैं।




मानसरोवर सेक्टर-5 स्थित पेसिफिक मॉल के अपर ग्राउंड फ्लोर (यूजीएफ- 31/32/33) पर करीब 3,560 वर्ग फुट के विशाल क्षेत्रफल में फैला यह स्टोर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक ग्राहकों के लिए खुला रहेगा। इस स्टोर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि अब जयपुर के ग्राहकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के इनरवियर, स्लीपवियर, लाउंजवियर, स्पोर्ट्सवियर, फाइन फ्रेगरेंस और बॉडी केयर प्रोडक्ट्स एक ही छत के नीचे मिलेंगे।

ब्रांड ने अपनी इस शुरुआत को और भी खास बनाते हुए वैश्विक स्तर पर चर्चित विक्टोरियाज़ सीक्रेट फैशन शो 2026 कलेक्शन को भी यहाँ पेश किया है। इसमें द सिग्नेचर कलेक्शन शामिल है, जो सैटिन फैब्रिक, विशिष्ट डिजाइनिंग और आधुनिक स्टाइलिंग के साथ ब्रांड के ग्लैमरस अंदाज को बखूबी दर्शाता है। इसके अलावा स्टोर में वेरी सेक्सी, बॉडी बाय विक्टोरिया और ड्रीम एंजेल्स जैसे प्रसिद्ध लॉन्जरी कलेक्शन के साथ-साथ डेली वेयर और स्पेशल ओकेजन के लिए कपड़ों की विस्तृत श्रृंखला मौजूद है। ब्यूटी और फ्रेगरेंस सेगमेंट में ब्रांड के सबसे लोकप्रिय बॉम्बशेल और वेरी सेक्सी फाइन फ्रेगरेंस, सेंट, मिस्ट तथा बॉडी केयर प्रोडक्ट्स भी जयपुर वासियों के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। यह लॉन्च ऐसे समय में हुआ है जब ब्रांड का फैशन शो वैश्विक स्तर पर आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस स्टोर के जरिए जयपुर के ग्राहकों को अब अंतरराष्ट्रीय लाइफस्टाइल और ब्यूटी प्रोडक्ट्स की पूरी रेंज का सीधा अनुभव अपने ही शहर में प्राप्त करने का शानदार अवसर मिलेगा।

स्टार प्लस के भव्य पौराणिक शो अप्सरा के प्रीमियर एपिसोड की शूटिंग में लगे छह दिन

मुंबई। मनोरंजन जगत में इन दिनों स्टार प्लस के आगामी भव्य पौराणिक शो अप्सरा की चर्चा जोरों पर है। प्राचीन पौराणिक कथाओं और अमृत प्राप्ति की रोमांचक जंग पर आधारित यह शो दर्शकों को एक बिल्कुल नई और अलौकिक दुनिया में ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार है। समुद्र मंथन की पृष्ठभूमि से प्रेरित इस शो में शानदार विजुअल इफेक्ट्स (वीएफएक्स) और दृश्यों का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा, जो दर्शकों को टेलीविजन स्क्रीन से बांधे रखेगा। इसे पर्दे पर जीवंत करना निर्माताओं के लिए आसान नहीं था। शो के निर्माण से जुड़े सूत्रों के अनुसार, इसकी विशालता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केवल इसके पहले यानी प्रीमियर एपिसोड की शूटिंग को पूरा करने में करीब छह दिन का लंबा समय लगा। वीएफएक्स के साथ-साथ असली लोकेशंस पर की गई शूटिंग ने इस शो के दृश्यों को बेहद सजीव और प्रभावशाली बना दिया है। शो की





मुख्य अभिनेत्री अनुष्का मर्चंडे ने इस चुनौतीपूर्ण और यादगार सफर के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि इस सफर की शुरुआत मुंबई के प्रतिष्ठित बांद्रा फोर्ट से हुई थी। शूटिंग के अपने अनुभव को याद करते हुए उन्होंने कहा कि तेज धूप, चिलचिलाती गर्मी, भारी भीड़, रेत और आसपास की तमाम हलचल के बीच काम करना काफी कठिन और अस्त-व्यस्त भरा था। हालांकि, इन तमाम शारीरिक चुनौतियों के बावजूद यह अनुभव बेहद रोमांचक और मजेदार रहा, जिसने पूरी टीम को एक नई ऊर्जा से भर दिया। पौराणिक कथाओं और आधुनिक तकनीक का यह अनूठा मेल दर्शकों के लिए एक बेहतरीन विजुअल ट्रीट साबित होने वाला है। यदि आप भी इस अलौकिक और रोमांचक सफर का हिस्सा बनना चाहते हैं, तो देखना न भूलें अप्सरा, जो आगामी 21 अक्टूबर से हर दिन रात 10:30 बजे केवल स्टार प्लस और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित किया जाएगा।

सरपंच बनने की ऐसी सनक! पंचायत चुनाव लड़ने से मना करने पर नई गाड़ी से बेटे-बहू को कुचला



लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, चूरू

राजस्थान में पंचायत चुनावों की सरगर्मियों के बीच चूरू जिले के तारानगर क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। चंगोई गांव में राजनीतिक महत्वाकांक्षा और गृह क्लेश के चलते एक पिता ने अपनी ही औलाद का खून बहा दिया। पंचायत चुनाव लड़ने की जिद को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपी रामचंद्र रेप्सवाल ने अपने ही बेटे और बहू पर गाड़ी चढ़ा दी, जिससे दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, आरोपी रामचंद्र रेप्सवाल आगामी पंचायत चुनाव में किस्मत आजमाना चाहता था। हालांकि, उसका बेटा रविंद्र और बहू महेंद्रा इस फैसले के सख्त खिलाफ थे। परिवार में इसी बात को लेकर मंगलवार रात विवाद बढ़ गया। कहासुनी इतनी बढ़ी कि गुस्से में आकर रामचंद्र ने महज तीन दिन पहले खरीदी अपनी नई गाड़ी से बेटे-बहू को रौंद डाला। दर्दनाक हादसे में दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

11 साल की बच्ची के सिर से उठा मां-बाप का साया

मृतक रविंद्र गांव में ई-मित्र चलाता था, जबकि उसकी प ी महेंद्रा गृहिणी थी। दंपती की 11 साल की एक मासूम बेटी है, जिसके सिर से इस खौफनाक वारदात ने एक झटके में माता-पिता दोनों का साया छीन लिया। इकलौते बेटे और बहू की हत्या के बाद आरोपी की प ी बेसुध है और पूरे चंगोई गांव में सन्नाटा व मातम पसरा हुआ है।


कॉकरोचों की गिरफ्तारी पर बिफरे राहुल गांधी बोले- जंतर-मंतर लेकर रहेंगे; दीपके दिल्ली रवाना

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन करने वाले सीजेपी नेताओं सौरव दास और आशुतोष रांका को 5 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया। राहुल गांधी ने इसे कायरता बताते हुए कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन में तिरंगा लहराना अपराध नहीं है। अभिजीत दीपके भी दिल्ली रवाना।



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेताओं सौरव दास और आशुतोष रांका की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दोनों को बुधवार, 14 अक्टूबर को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्हें तिहाड़ जेल भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस पूरे मामले पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी का कॉकरोचों को खुला समर्थन मिला है। राहुल गांधी ने सीजेपी की बात को दोहराते हुए कहा है कि च्जंतर-मंतर लेकर रहेंगे।ज दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को जंतर-मंतर के प्रतिबंधित प्रदर्शन स्थल में कथित तौर पर बिना अनुमति प्रवेश करने के मामले में इन नेताओं को हिरासत में लिया था। वहीं, पार्टी के एक अन्य



नेता अजिंक्य शिंदे को 5,000 रुपये के निजी मुचलके पर रिहा किए जाने की खबर है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान तिरंगा लहराने को अपराध मानने और इसके लिए युवाओं को जेल भेजने पर सवाल उठाया। उधर, सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके महाराष्ट्र से दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। उन्होंने प्रदर्शन पर रोक के खिलाफ आंदोलन जारी रखने और देशभर में विरोध प्रदर्शन खड़े करने की चेतावनी दी है।

रोजगार सूचनाएं JOBS

■ **एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एलआईसी एचएफएल) में मैनेजमेंट ट्रेनी भर्ती।** ये भर्ती कंपनी द्वारा मार्केटिंग एवं सेल्स विभाग में की जा रही है। इसके लिए एमबीए अनिवार्य है। फ्रेशर और सेल्स में 1 वर्ष तक का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को स्थानीय भाषा में दक्ष होना आवश्यक है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है।

नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एनआईसीएल) द्वारा स्केल-1 में 321 प्रशासनिक अधिकारी की भर्ती। इनमें 200 जनरलिस्ट और 121 विशेषज्ञ पद शामिल हैं। विशेषज्ञ पदों में वित्त, विधि, सूचना प्रौद्योगिकी, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, जोखिम इंजीनियरिंग, कंपनी सचिव और कृषि जैसे विषय शामिल हैं। आयु सीमा 21 से 30 वर्ष है। चयन प्रक्रिया में प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार शामिल हैं। प्रारंभिक परीक्षा 17 नवंबर को प्रस्तावित है। आवेदन की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर है।

■ **भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) द्वारा खेल कोटा में कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) के 126 पदों पर भर्ती।** इनमें पुरुषों के 72 और महिलाओं के 54 पद शामिल हैं। भर्ती खेल कोटे के तहत 28 खेल विधाओं में की जाएगी। इसके लिए संबंधित खेल में निर्धारित स्तर की खेल उपलब्धियां आवश्यक हैं। यह ग्रुप-सी के गैर-राजपत्रित पद हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 1 नवंबर है। प्रमुख खेलों में बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, घुड़सवारी, फुटबॉल, जिम्नास्टिक्स, हैंडबॉल, आइस हॉकी, हॉकी, जूडो, कनो-कनो, पेंचक सिलाट, पावरलिफ्टिंग, स्कीइंग, स्पोर्ट्स शूटिंग, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, वॉलीबॉल, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, कैनोइंग, कयाकिंग, रोइंग, माउंटेन बाइकिंग साइक्लिंग और कराटे आदि शामिल है।

■ **दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) द्वारा दिल्ली के जिला एवं सत्र न्यायालयों तथा पारिवारिक न्यायालयों में 641 पदों पर भर्ती।** इसमें सीनियर पर्सनल असिस्टेंट के 27, पर्सनल असिस्टेंट के 206, जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट के 174, प्रोसेस सर्वर के 92 तथा चपरासी अर्दली, डाक चपरासी के 142 पद शामिल हैं। भर्ती में दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 54 तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिए 41 पद रिक्त है। आवेदन की अंतिम तिथि 4 नवंबर है। पदों के अनुसार शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य पात्रता शर्तें अलग-अलग हैं।

■ **न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल), भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन सार्वजनिक उपक्रम में सीए सीएमए इंटर्न के 51 पदों पर भर्ती।** इसके लिए अभ्यर्थियों का इंटर सीए या इंटर सीएमए उत्तीर्ण होना चहिये। चयन शैक्षणिक अंकों के आधार पर और ऑनलाइन व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। ये निषुलक भर्ती है।

भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) में 365 पदों पर भर्ती। एनरोल्ड पर्सन्स टेस्ट (सीजीईपीटी) के तहत इस भर्ती में नाविक (जनरल ड्यूटी), नाविक (डोमेस्टिक ब्रांच), यांत्रिक और हाइजीनिस्ट-प्रथम पदों पर भर्ती की जाएगी। अंतिम तिथि 21 अक्टूबर है। नाविक (जनरल ड्यूटी) के लिए 12वीं में गणित एवं भौतिक विज्ञान, नाविक (डोमेस्टिक ब्रांच) के लिए 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। यांत्रिक पद के लिए निर्धारित इंजीनियरिंग विषय में डिप्लोमा तथा हाइजीनिस्ट-प्रथम के लिए 10वीं या आईटीआई की योग्यता दी गई है। चयन के लिए चार चरणों की प्रक्रिया और निर्धारित चिकित्सा मानक लागू होंगे।

■ **रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत ईम्यूनिशन्स इंडिया लिमिटेड की इकाई ऑर्डनेंस फैक्ट्री इटारसी में ग्रेजुएट अप्रेंटिस (जनरल स्ट्रीम) के 50 पदों पर एक वर्षीय प्रशिक्षण के लिए स्नातक की डिग्री होनी चाहिए।** केवल नए स्नातकआवेदन कर सकते हैं, जिनके पास डिग्री प्राप्त करने के बाद एक वर्ष या उससे अधिक का प्रशिक्षण अथवा नौकरी का अनुभव न हो और डिग्री प्राप्त किए 2 वर्ष से अधिक न हुए हों। न्यूनतम आयु 18 वर्ष है तथा अधिकतम आयु सीमा नहीं है। चयन डिग्री के अंकों की मेरिट, के आधार पर होगा। आवेदन निर्धारित प्रारूप में डाक से भेजना होगा और आवेदन विज्ञापन के रोजगार समाचार में प्रकाशित होने के 21 दिनों के भीतर संबंधित पते पर पहुंचना चाहिए।

■ **नौसेना डॉकयार्ड में अप्रेंटिस के 210 पदों पर भर्ती। इसमें विभिन्न आईटीआई ट्रेडों के साथ नॉन-आईटीआई ट्रेड भी शामिल हैं।** आईटीआई ट्रेडों के लिए संबंधित ट्रेड में 10वीं उत्तीर्ण तथा आईटीआई प्रमाणपत्र आवश्यक है। क्रेन ऑपरेटर, ओवरहेड फोर्जर एवं हीट ट्रीटर के लिए 10वीं और रिगर ट्रेड के लिए 8वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आयु सीमा निर्धारित ट्रेड के अनुसार न्यूनतम 14 या 18 वर्ष है, अधिकतम आयु सीमा नहीं है। चयन में अंकों के आधार पर प्रारंभिक छंटनी, लिखित परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण शामिल हैं। आईटीआई प्रमाणपत्र धारकों को 9,600 रूपये प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा। आवेदन के लिए पहले अप्रेंटिसशिप इंडिया पोर्टल पर पंजीकरण कर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन भेजना होगा। अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशित होने के 30 दिनों के भीतर है।

■ **सुप्रीम कोर्ट में जूनियर कोर्ट असिस्टेंट के 250 पदों पर भर्ती। योग्यता स्नातक, कंप्यूटर का ज्ञान तथा अंग्रेजी टाइपिंग में 35 शब्द प्रति मिनट की गति आवश्यक है।** आयु 18 से 30 वर्ष है। आवेदन की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर है।

■ गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (जीआईएमएस) ग्रेटर नोएडा मे नॉन-टीचिंग स्टाफ नर्स के 100 पदों पर भर्ती। भर्ती के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) आयोजित की जाएगी। आयु सीमा 21 से 40 वर्ष है। ऑनलाइन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है।

■ **इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) ने अक्टूबर 2026 जस्ट-इन-टाइम भर्ती चक्र में लगभग 844 पदों पर भर्ती।** इसमें प्रोजेक्ट एसोसिएट, प्रोजेक्ट इंजीनियर, सीनियर प्रोजेक्ट इंजीनियर, मॉड्यूल लीड, प्रोजेक्ट मैनेजर, प्रोग्राम मैनेजर, टेक लीड सहित एचआर, एडमिन, वित्त, खरीद और तकनीकी क्षेत्र के पद शामिल हैं। भर्ती गुवाहाटी, तिरुवनंतपुरम, पुणे, नोएडा, मुंबई, मोहाली, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, चेन्नई और बेंगलुरु केंद्रों के लिए है। आवेदन की अंतिम तिथि 26 अक्टूबर 2026 है।

■ **उत्तर पश्चिम रेलवे के रेलवे भर्ती सेल, जयपुर मे अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 के तहत 2,008 प्रशिक्षण पदों पर भर्ती।** भर्ती 8 यूनिट और विभिन्न आईटीआई ट्रेड में होगी। आयु 15 से 24 वर्ष होनी चाहिए तथा 10वीं में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ संबंधित ट्रेड में एनसीवीटी या एससीवीटी का नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट (एनटीसी) होना आवश्यक है। आवेदन 7 अक्टूबर से शुरू होकर 6 नवंबर तक किए जा सकते हैं। चयन मेरिट के आधार पर होगा। प्रशिक्षण अजमेर, बीकानेर, जयपुर और जोधपुर मंडलों के अंतर्गत कार्यशालाओं या यूनिटों में होगा। अंतिम तिथि 6 नवंबर 2026 है।

■ **आयकर विभाग, तमिलनाडु एवं पुडुचेरी सर्किल ने स्टेनोग्राफर के 146 पदों पर भर्ती।** यह भर्ती प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) आधार पर है। पात्र अधिकारी मूल कैडर या विभाग में समान पद पर नियमित रूप से कार्यरत हों अथवा पे लेवल-4 में 10 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके हों। अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष है। ऑफलाइन आवेदन संबंधित प्राधिकारी तक 30 अक्टूबर तक पहुंचना चाहिए।

■ **ओडिशा राज्य चयन बोर्ड ने लैबोरेटरी असिस्टेंट-कम-स्टोरकीपर के 435 पदों पर भर्ती।** पद के लिए शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा और चयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी विज्ञापन में शीघ्र जारी की जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 16 नवंबर 2026 है।

■ **इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसीएल) के वेस्टर्न रीजन में 335 अप्रेंटिस पदों पर भर्ती।** इनमें टेक्नीशियन अप्रेंटिस (डिप्लोमा), ट्रेड अप्रेंटिस (आईटीआई या डाटा एंट्री ऑपरेटर) और ग्रेजुएट अप्रेंटिस के पद शामिल हैं। भर्ती महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, गोवा, छत्तीसग?, दमन-दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली के लिए है। संबंधित पद के अनुसार आईटीआई, डिप्लोमा या स्नातक योग्यता वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आयु सीमा 18 से 24 वर्ष है। आवेदन की अंतिम तिथि 4 नवंबर है।

■ **मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की ग्रुप-3 संयुक्त भर्ती परीक्षा के तहत सब इंजीनियर, ड्राफ्ट्समैन, कार्टोग्राफर, लैबोरेटरी टेक्नीशियन, टेक्निकल असिस्टेंट, सर्वेयर, मिनरल सर्वेयर सहित अन्य पदों पर 1700 रिक्तियां हैं।** पद के अनुसार संबंधित इंजीनियरिंग या तकनीकी विषय में डिप्लोमा या डिग्री आवश्यक है। आयु सीमा 18 से 40 वर्ष है। ऑनलाइन आवेदन पुनः 13 से 27 अक्टूबर 2026 तक किए जा सकते हैं। परीक्षा कंप्यूटर आधारित (सीबीटी) का आयोजन दिसंबर या जनवरी 2027 में प्रस्तावित है।

■ **पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के अधीन पंजाब के जिला न्यायालयों में क्लर्क के 1270 पदों पर भर्ती के लिए स्नातक डिग्री एवं कंप्यूटर दक्षता आवश्यक है।** चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा के बाद कंप्यूटर दक्षता परीक्षा से होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 4 नवंबर है।

असम राइफल्स ने पुरुष अभ्यर्थियों के लिए ग्रुप-सी के विभिन्न 18 तकनीकी एवं ट्रेड्समैन प्रकार के पदों के कुल 354 पदों की भर्ती। इनमें वारंट ऑफिसर (सिफर), राइफलमैन (इलेक्ट्रिकल फिटर सिग्नल), लाइनमैन फील्ड, आर्मरर, इंजीनियर इक्विपमेंट मैकेनिक, रिकवरी व्हीकल मैकेनिक, इलेक्ट्रिशियन मोटर व्हीकल, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, मेटलस्मिथ, अपहोल्स्टर, स्टोरकीपर टेक्निकल, व्हीकल मैकेनिक, वेल्डर, ड्राफ्ट्समैन, ऑपरेशन थिएटर टेक्नीशियन, फिजियोथेरेपिस्ट और मेसन आदि पद शामिल हैं। भर्ती अखिल भारतीय आधार पर होगी तथा राज्यवार कोटा नहीं है। पद के अनुसार 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा या संबंधित तकनीकी योग्यता निर्धारित है। चयन में शारीरिक मानक, दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा, ट्रेड या स्किल टेस्ट, दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल परीक्षा शामिल हैं। भर्ती रैली के परीक्षाधैली केंद्र की सटीक जानकारी भर्ती पोर्टल के माध्यम से दी जाएगी। अंतिम तिथि 28 अक्टूबर है।

■ **ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन (ओएवीएस) में प्रिंसिपल एवं शिक्षक के कुल 815 पदों की भर्ती।** भर्ती स्कूल एवं जन शिक्षा विभाग, ओडिशा सरकार के अंतर्गत सीधी भर्ती के आधार पर होगी। नियुक्ति ओडिशा आदर्श विद्यालय एवं ओडिशा माइनिंग आदर्श विद्यालयों में होगी। आवेदन ऑनलाइन की अंतिम तिथि 11 नवंबर है। ,

■ **ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड (ग्रिड-इंडिया) में इलेक्ट्रिकल एवं कंप्यूटर साइंस के एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के कुल 52 पद की भर्ती।** चयन गेट 2027 के स्कोर के आधार पर होगा। प्रमुख केंद्र दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, गुवाहाटी और शिलांग हैं।

■ **पंजाब अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (पीएसएसएसबी) में क्लर्क, ड्राइवर, फील्ड आर्टिस्ट और ट्रांसलेटर के कुल 70 पद की भर्ती।** पद के अनुसार शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक, स्नातक, विधि स्नातक वाणिज्य स्नातक तथा आईटी या कंप्यूटर साइंस में बीटेक या बीएससी या बीसीए है। आयु सीमा 18 से 37 वर्ष है। आवेदन की अंतिम तिथि 19 अक्टूबर 2026 है।

■ **भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) ने हेड कांस्टेबल (मोटर मैकेनिक) के 21 पदों पर भर्ती निकाली** है। अभ्यर्थी के पास 12वीं के साथ मोटर मैकेनिक योग्यता अथवा ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा होना चाहिए। आयु सीमा 18 से 25 वर्ष है। चयन प्रक्रिया में शारीरिक दक्षता मानक, लिखित परीक्षा, ट्रेड टेस्ट एवं मेडिकल परीक्षा शामिल होंगे। अंतिम तिथि 27 अक्टूबर 2026 है।

■ **केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने स्पोर्ट्स कोटा के तहत हेड कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) के 182 और कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) के 339, कुल 521 पदों पर भर्ती निकाली है।** ये ग्रुप-सी, गैर-राजपत्रित एवं गैर-मंत्रालयिक पद हैं। भर्ती खिलाड़ियों के लिए निर्धारित खेल उपलब्धियों, योग्यता के आधार पर होगी। आयु सीमा 18 से 23 वर्ष और आवेदन की अंतिम तिथि 11 नवंबर है।

■ **भारतीय सेना ने टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स (टीजीसी-145) के माध्यम से तकनीकी स्नातक अभ्यर्थियों के लिए ऑफिसर की भर्ती।** ऑनलाइन अंतिम तिथि 29 अक्टूबर है। यह भर्ती तकनीकी शाखाओं के पात्र इंजीनियरिंग स्नातकों के लिए है। आयु सीमा 20 से 27 वर्ष है।

■ **आंध्र प्रदेश लोक सेवा आयोग ने ग्रुप-1 सर्विसेज की 13 श्रेणियों में 163 पदों पर भर्ती निकाली है।** अधिकांश पदों के लिए स्नातक डिग्री आवश्यक है, जबकि डीएसपी (कम्युनिकेशन) पद के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन या रेडियो इंजीनियरिंग में बीई या बीटेक मांगी गई है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर है। चयन स्क्रीनिंग टेस्ट, मुख्य लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से होगा। पदवार आयु सीमा एवं अन्य योग्यता शर्तें विस्तृत अधिसूचना में निर्धारित हैं।

■ **रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा नॉन-टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी (अंडरग्रेजुएट) के तहत 1,688 पदों पर भर्ती।** ये पद 12वीं या समकक्ष योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए हैं तथा पद लेवल-2 और लेवल-3 में हैं। भर्ती में जूनियर क्लर्क-कम-टाइपिस्ट, अकाउंट्स क्लर्क-कम-टाइपिस्ट, कमर्शियल-कम-टिकट क्लर्क और ट्रेन क्लर्क जैसे पद शामिल होते हैं। आयु सीमा 18 से 30 वर्ष है। चयन प्रक्रिया में कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी), टाइपिंग स्किल टेस्ट जहां लागू हो, दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल परीक्षा शामिल रहती है। आवेदन ऑनलाइन 15 अक्टूबर से 13 नवंबर तक होंगे।

■ **हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा फूड सेफ्टी ऑफिसर के 45 पदों पर भर्ती हेतु** फूड टेक्नोलॉजी, फूड इंजीनियरिंग, फूड प्रोसेसिंग, डेयरी टेक्नोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, कृषि विज्ञान, वेटरिनरी साइंस, बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, केमिस्ट्री या मेडिसिन आदि निर्धारित विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर या डॉक्टरेट डिग्री चाहिए। आयु सीमा 18 से 42 वर्ष व अंतिम तिथि 19 अक्टूबर है।

■ राजस्थान सरकार के स्वायत्त शासन विभाग द्वारा राज्य की 183 नगरीय निकायों में संविदा सफाई कर्मचारी के पूर्णतः संविदा आधारित कुल 24752 पदों पर सीधी भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिमतिथि अब बढ़ाकर 13 अक्टूबर कर दी गई है। अभ्यर्थी विज्ञापित 183 नगरीय निकायों में से केवल एक नगरीय निकाय के लिए आवेदन कर सकता है। भर्ती में सफाई कार्य का कम से कम 1 वर्ष का निर्धारित अनुभव महत्वपूर्ण पात्रता है। चयन किसी लिखित परीक्षा के बजाय पात्र अभ्यर्थियों में से राजस्थान सरकार द्वारा विकसित ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से लॉटरी प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। इसमें पहले उसी नगरीय निकाय में 1 वर्ष का सफाई कार्य अनुभव रखने वाले, पद रिक्त रहने पर उसी जिले की अन्य नगरीय निकाय में अनुभव रखने वाले और इसके बाद राज्य की किसी भी नगरीय निकाय में 1 वर्ष का अनुभव रखने वाले पात्र अभ्यर्थियों को क्रमशः शामिल किया जाएगा।

■ **आर्मी सर्विस कोर सेंटर (साउथ) द्वारा विभिन्न सिविलियन पदों के कुल 62 पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।** इनमें सिविलियन कैटरिंग इंस्ट्रक्टर (सीसीआई), कुक, मल्टी टास्किंग स्टाफ (चैकीदार), सिविलियन मोटर ड्राइवर, क्लीनर, ट्रेड्समैन मेट (लेबर), फायर इंजन ड्राइवर, फायरमैन एवं लीडिंग फायरमैन के पद शामिल हैं। पदानुसार मैट्रिकुलेशन तथा संबंधित ट्रेड का अनुभव एवं दक्षता अथवा वैध ड्राइविंग लाइसेंस आवश्यक है। अधिकांश पदों के लिए आयु सीमा 18 से 25 वर्ष, जबकि सिविलियन मोटर ड्राइवर के लिए 18 से 27 वर्ष है। रिक्तियां बेंगलुरु, पुणे तथा पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, सिक्किम एवं पूर्वोत्तर के विभिन्न स्थानों पर हैं।

■ **स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के भिलाई स्टील प्लांट में अप्रेंटिस के 710 पदों पर भर्ती है।** इसमें आईटीआई ट्रेड तथा ग्रेजुएट या डिप्लोमा अप्रेंटिस के संबंधित पद के अनुसार आईटीआई, डिप्लोमा या स्नातक योग्यता वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आयु सीमा 18 से 28 वर्ष है। चयन मेरिट के आधार पर होगा, लिखित परीक्षा नहीं होगी। अभ्यर्थियों को अप्रेंटिसशिप इंडिया या नैट्स पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर 2026 है।

■ **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा राज्य के जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग हेतु इंजीनियर के 1050 पदों की भर्ती।** आयु सीमा 21 से 40 वर्ष है योग्यता संबंधित इंजीनियरिंग ब्रांच जैसे सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, आदि में से किसी एक में में डिग्री अथवा डिप्लोमा होना आवश्यक है। इस संबंध में विस्तृत विज्ञप्ति शीघ्र जारी की जाएगी।

■ **भारत सरकार के नेवल डॉकयार्ड मुंबई में अप्रेंटिस के 283 पद की भर्ती।** इनमें 32 निर्धारित ट्रेडों में अप्रेंटिस के पद शामिल हैं। शैक्षणिक योग्यता के रूप में 10वीं तथा संबंधित ट्रेड में आईटीआई आवश्यक है। आयु सीमा गैर-खतरनाक ट्रेडों के लिए न्यूनतम 14 वर्ष तथा खतरनाक ट्रेडों के लिए 18 वर्ष है, अधिकतम आयु सीमा नहीं है। चयन 10वीं एवं आईटीआई में अंकों के आधार पर शॉर्टलिस्टिंग, लिखित परीक्षा, मेडिकल जांच एवं दस्तावेज सत्यापन से होगा। ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर है।

■ **छत्तीसग? स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हेतु लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसग? द्वारा 1812 पदों पर भर्ती की जा रही है।** इनमें लेक्चरर, हेडमास्टर, सहायक शिक्षक, शिक्षक, पीटी शिक्षक, लाइब्रेरियन, कंप्यूटर शिक्षक और लैबोरेटरी असिस्टेंट के पद शामिल हैं। पद के अनुसार स्नातक्कोत्तर व बीएड, स्नातक व डीएड या बीएड तथा टीईटी, जबकि कुछ पदों के लिए 12वीं व डीएलएड जैसी योग्यता निर्धारित है। आयु सीमा 21 से 35 वर्ष है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर है।

■ **बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग में 787 पशु चिकित्सा पदाधिकारी एवं समकक्ष पदों पर भर्ती की जा रही है।** चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) और कार्य अनुभव के आधार पर होगा। आवेदन के लिए संबंधित पशु चिकित्सा डिग्री की योग्यता आवश्यक है। आयु सीमा 21 से 37 वर्ष है, जबकि आरक्षित वर्गों के लिए नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट का प्रावधान है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर है।

उपरोक्त सभी रोजगार सूचनाओं की विस्तृत जानकारी हेतु आप हमारे ''लोकजीवन'' समाचारपत्र के कैरियर काउन्सलर से संपर्क कर सकते हैं जिनका पता है -

अरूणसंतोष मुछाल

द्वारा-लक्की फोटोस्टेट,फार्म एण्ड बुक्स,
105, बालाजी मार्केट, भीलवाड़ा

और अब अंत में कुछ जानकारी आगामी महीनों में होने वाली मुख्य मुख्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तिथियों की जो कि इसप्रकार है-

कर्मचारी चयन आयोग की स्नातक स्तर परीक्षा
30 सितम्बर से 30 अक्टूबर

इण्डियन आवरसीज बैंक अधिकारी भर्ती परीक्षा
31 अक्टूबर

स्टैट बैंक जूनियर एसोषिएट भर्ती परीक्षा
अक्टूबर माह में

स्टेट बैंक की क्लर्क भर्ती मुख्य परीक्षा
26 नवम्बर में

संघ लोक सेवा आयोग आइएफएस मुख्य परीक्षा
22 से 29 नवम्बर

एसएससी एमटीएस परीक्षा
सितम्बर अक्टूबर में

कर्मचारी चयन आयोग की जूनियर इंजीनियर परीक्षा
02 से 06 नवम्बर

महत्वपूर्ण सूचनाः उपरोक्त सभी जानकारियां केवल सूचना मात्र है। किसी भी भर्ती के लिये आवेदन करने से पूर्व सम्बन्धित विभाग की अधिकृत विज्ञप्ति का अवलोकन अवश्य करें।